




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25








वर्ष- 15 अंक - 229 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 2 जून 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## महंगी हुई बिजली : विद्युत नियामक आयोग ने जारी की नई दरें, 20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ी कीमत

श्रीकंचनपथ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लोगों को जून की गर्मी में बिजली का बड़ा झटका लगा है। छत्तीसगढ़ में बिजली नियामक आयोग ने नई दरें लागू कर दी हैं। नई दरों के अनुसार घरेलू व अन्य उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 20 पैसे अधिक चुकाने होंगे। इसके साथ ही कृषि पंपों के लिए बिजली की दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। नया टैरिफ1 जून से लागू कर दिया गया। बिजली की दरों में 8.35 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी गई है। विनियामक आयोग के चेयरमैन हेमंत वर्मा ने नई दरों की घोषणा करते हुए बताया कि नुकसान की भरपाई करने के लिए यह कदम उठाया गया है।



बता दें छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 65 लाख से ज्यादा है। बीपीएल, घरेलू, कॉमर्शियल और कृषि के कैटगरी में उपभोक्ताओं को बांटा गया है। नए टैरिफ का असर बीपीएल, घरेलू और कृषि उपभोक्ता पर कम और कॉमर्शियल उपभोक्ताओं पर ज्यादा पड़ेगा। 20 प्रति यूनिट बढ़ने से 201-400 यूनिट खपत पर 80 रुपए अधिक बिल आएगा। वहीं छत्तीसगढ़ में हाफबिजली बिल योजना से छेड़छाड़ नहीं की गई है। यह योजना पहले की तरह की जारी रहेगी।

### अब इस प्रकार रहेंगी नई दरें

नई दरें लागू होने के बाद 0-100 यूनिट तक खपत पर पहले प्रति यूनिट 3.70 रुपए चार्ज लगता था जो अब 3.90 रुपए लगेगा। 101-200 यूनिट पर पहले 3.90 लगता था जो अब 4.10 लगेगा। इसी प्रकार 201-400 तक पहले 5.30 रुपए लग रहा था जो अब 5.50 रुपए प्रति यूनिट लिया जाएगा। 401-600 यूनिट खपत पर पहले 6.30 रुपए लग रहा था जो अब 6.50 रुपए प्रति यूनिट की दर से देना होगा। 601 यूनिट से अधिक की खपत पर पहले 7.90 रुपए प्रति यूनिट लग रहा था जो कि अब 8.10 रुपए प्रति यूनिट देना होग। इसके अलावा कृषि उपभोक्ताओं को पहले 5.05 रुपए की दर से चार्ज लगता था जो अब 5.30 रुपए हो गया है।

## खास-खबर

### पैरिस से आने वाले विस्तारा के विमान को बम से उड़ाने की धमकी, मुंबई एयरपोर्ट पर इमर्जेंसी

**मुंबई (एजेंसी)।** पैरिस से मुंबई आने वाले विस्तारा एयरलाइन के विमानो को बम से उड़ाने की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमर्जेंसी घोषित कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक विमान के एयरसिकनेस बैग में एक नोट पाया गया था जिसपर बम धमाके की धमकी दी गई थी। यह विमान पैरिस के चार्ल्स डि गॉल एयरपोर्ट से रवाना हुआ था।

विस्तारा एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया, सुरक्षा को लेकर एक मामला सामने आया है। विस्तारा फ्लाइट यूके024 के स्टाफ ने इसकी जानकारी दी है। यह विमान पैरिस से 2 जून को मुंबई पहुंचने वाला है। उन्होंने कहा, प्रोटोकॉल के तहत संबंधित अथॉरिटी को इसकी जानकारी दे दी गई है। विमान छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंड कर चुका है। हम सुरक्षा एजेंसियों का सहयोग कर रहे हैं।

बता दें कि एक दिन पहले ही विस्तारा विमान को उड़ाने की धमकी दी गई थी। वहीं वाराणसी से नई दिल्ली आने वाले इंडिगो को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक एक महिला ने फोन करके कहा था कि उसके पति इंडिगो की फ्लाइट में सफर कर रहे हैं और उनके पास बम है। इसके बाद विमल कुमार नाम के यात्री से पूछताछ की गई। वह मेरठ के रहने वाले थे। कुमार ने कहा उनकी पत्नी मानसिक रूप से बीमार है। बम की धमकी वाली खबर देखने के बाद उसने फोन कर दिया था। पुलिस का कहा है कि उसके दावे की जांच की जा रही है।

वहीं शनिवार को ही चेन्नई से मुंबई जाने वाले एक विमान के टॉइलट में बम की धमकी वाला नोट मिला था। इसके बाद मुंबई एयरपोर्ट पर आपातकाल घोषित कर दिया गया था। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालकर पहले आइसोलेशन बे में भेजा गया। इसके बाद पूरे विमान की ठीक से जांच की गई। इन दिनों कई बार विमानों को उड़ाने की धमकियां दी गई हैं।

## तीसरी बार मोदी सरकार, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का सफाया, सीएम साय बोले- जीतेंगे 11 सीटें





श्रीकंचनपथ

**भिलाई।** लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले देशभर की सर्वे एजेंसियों की एग्जिट पोल सामने आ गई हैं। एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलता दिखाया जा रहा है। वहीं एग्जिट पोल्स के मुताबिक छत्तीसगढ़ में भाजपा को 10 से 11 सीटें मिलती दिख रही हैं वहीं कांग्रेस के खाते में शून्य से एक सीट जाती दिख रही है। एग्जिट पोल के आंकड़े यदि नतीजों में बदलते हैं तो पीएम मोदी अपनी जीत का हैट्रिक लगा लेंगे। पहली बार एनडीए दक्षिण भारत के तमिलनाडू व केरल में अपना खाता खोलते दिख रही है।

बता दें इस लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी व भाजपा ने अपने गठबंधन के लिए 400 पार का नारा दिया था। फिलहाल तीन सर्वे में भाजपा+ को 400 या उससे ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। अगर एग्जिट पोल सच साबित होते हैं, तो मोदी अपनी पार्टी को लगातार तीसरी बार चुनाव में जीत दिलाने के मामले में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। इससे पहले वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने 303 सीट जीती थी और एनडीए की संख्या 353 थी। कांग्रेस को 53 सीट और उसके सहयोगियों को 38 सीट मिली थीं। इस बार के अनुमानों में भाजपा गठबंधन को 2019 से भी ज्यादा सीटें मिलती दिख रही हैं।

### सीएम साय ने कहा 11 सीटों पर मिलेगी जीत

एग्जिट पोल्स के आंकड़े आने के बाद छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने दावा किया है कि इस बार प्रदेश की 11 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। 4 जून के नतीजों के बाद केन्द्र में मोदी की तीसरी बार सरकार बनेगी। सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने विकास का साथ दिया है जिसके नतीजे दो दिन बाद दिखेंगे।

एग्जिट पोल्स

| सर्वे एजेंसी | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| न्यूज 24- टुडेज चाणक्य | 400 | 107 | 36 |
| एबीपी सी-वोटर | 353-383 | 152-182 | 04-12 |
| रिपब्लिक मैट्रिज | 353-368 | 118-133 | 43-48 |
| रिपब्लिक पीमारक्यू | 359 | 154 | 30 |
| इंडिया टुडे एक्सिस माय इंडिया | 361-401 | 131-166 | 8-20 |
| इंडिया टीवी-सीएनएक्स | 371-401 | 109-139 | 28-38 |
| टाइम्स नाऊ ईटीजी | 358 | 152 | 33 |
| जन की बात | 362-392 | 141-161 | 10-20 |
| इंडिया न्यूज डी-डायनमिक्स | 371 | 125 | 47 |
| टीवी 9 पोलस्ट्रैट | 342 | 166 | 35 |
| न्यूज नेशन | 342-378 | 153-169 | 21-23 |

### डिप्टी सीएम ने कहा- एग्जिट पोल एनडीए के पक्ष में

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने एक्जिट पोल के सामने आए अनुमानों को भाजपा और एनडीए के पक्ष में बताया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि 370 जनभावनाओं का विषय था। इसी तरह बीजेपी 370 से अधिक और एनडीए का 400 सीट लाने का अनुमान है। भाजपा ने 2014 में अकेले 282 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं 2019 में 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी। शर्मा ने दावा किया कि 2024 के आम चुनाव में भाजपा को 370 और एनडीए को 400 सीट मिलेगा। जनता ने आज तक एन्टी इनकंबेंसी सुना था, लेकिन मोदी जी के आने के बाद प्रो इनकंबेंसी चलन में आ गया है भाजपा अपने लक्ष्य 'अबकी बार 400 पार' को हासिल करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटेगी।

### एग्जिट पोल के आंकड़ों से दिग्गजों की धड़कने तेज

एग्जिट पोल सामने आने के बाद छत्तीसगढ़ में दिग्गजों की धड़कने तेज हो गई हैं। एग्जिट पोल में सर्वे एजेंसियों ने छत्तीसगढ़ में भाजपा को 10 से 11 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। वहीं एक सीट पर कांग्रेस की जीत का अनुमान है। अब सवाल यह है कि वह एक सीट कौन सी होगी जहां कांग्रेस को जीत मिल सकती है। छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव से भूपेश बघेल, जांजगीर-चांपा से डा.शिवकुमार डहरिया, महासमुंद से ताम्रध्वज साहू जैसे दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। वहीं एग्जिट पोल से भाजपा के प्रत्याशियों की चेहरे खिले हुए हैं। हालांकि यह अभी एग्जिट पोल है और अंतिम नतीजें 4 जून को ही आएंगे।

## Train Accident: बड़ा हादसा, दो मालगाड़ी और एक यात्री ट्रेन टकराई, लोको पायलट समेत कई घायल



**फतेहगढ़ साहिब (एजेंसी)।** फतेहगढ़ साहिब में बड़ा हादसा हुआ है। सरहिंद रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर माधोपुर चौकी नजदीक रविवार तड़के करीब 3:30 रेल हादसा हुआ है। यहां दो गाड़ियों की टक्कर हो गई। एक माल गाड़ी का इंजन पलट गया और पैसेंजर गाड़ी भी चपेट में आई। हादसे में दो लोको पायलट घायल हो गए। इनकी पहचान सहारनपुर यूपी के विकास कुमार (37) और हिमांशु कुमार (31) के तौर पर हुई है। इन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब में भर्ती कराया गया, जहां पर उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें राजिंद्रा अस्पताल पटियाला रेफर किया।

सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब में मौजूद डॉक्टर इवेनप्रीत कौर ने बताया कि विकास कुमार के सिर में हेड इंजरी आई है। हिमांशु की पीठ पर इंजरी है, हालत गंभीर है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में बड़ा जानी नुकसान नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा मालगाड़ियों के लिए बने डीएफसीसी ट्रैक के न्यू सरहिंद स्टेशन के पास हुआ। यहां पहले से कोयले से लोड दो गाड़ियां खड़ी थीं। एक मालगाड़ी का इंजन खुलकर दूसरी से टकराया और फिर इंजन पलटकर अंबाला से जम्मू तवी की तरफ जा रही पैसेंजर गाड़ी समर स्पेशल में फंस गया।

हादसे में मालगाड़ी की बोगियां भी एक दूसरे पर चढ़ गईं। जैसे ही पैसेंजर गाड़ी की टक्कर हुई तो इसमें सवार सैकड़ों यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में दो लोको पायलट घायल हुए हैं। दूसरी तरफ अंबाला से लुधियाना अप लाइन बिलकुल ठप हो गई है। अंबाला डिवीजन के डीआरएम समेत रेलवे, जीआरपी और आरपीएफ के सीनियर अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

### अधिकारियों के अनुसार

फतेहगढ़ साहिब सिविल अस्पताल की डॉ. इवानप्रीत कौर ने बताया कि ट्रेन दुर्घटना में दो घायल लोको पायलटों को राजिंदरा अस्पताल, पटियाला रेफर कर दिया गया है। दोनों सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। सरहिंद पुलिस स्टेशन के सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) रतन लाल ने बताया कि सुबह करीब 3:45 बजे हमें सूचना मिली कि एक दुर्घटना हुई है। हम मौके पर पहुंच गए हैं... दो लोको पायलट घायल हो गए हैं और उन्हें फतेहगढ़ साहिब के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## मतगणना से पहले हुई राजनांदगांव लोकसभा सीट से प्रत्याशी की मौत, सबसे कम उम्र का था उम्मीदवार

**राजनांदगांव।** लोकसभा चुवान 2024 के रिजल्ट से पहले छत्तीसगढ़ की राजनीति से बड़ी खबर सामने आ रही है। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से प्रत्याशी की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि राजनांदगांव लोकसभा सीट से सबसे कम उम्र के प्रत्याशी रहे विनायक धामगाये का शुक्रवार की रात निधन हो गया। राजनांदगांव में कांग्रेस और भाजपा के दिग्गजों के बीच विनायक निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपनी किस्मत आजमा रहे थे।



जानकारी के मुताबिक विनायक धामगाये बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा था। जहां उपचार के दौरान कल देर रात उनका निधन हो गया है।

बताया जा रहा है कि विनायक सिर्फ 25 साल के थे और कानून की स्नातक की पढ़ाई कर रहे थे। बताया जा रहे की विनायक डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम बधियाटोला के रहने वाले थे। राजनांदगांव लोकसभा सीट से कुल 15 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें से विनायक सबसे कम उम्र के थे।

बतादे कि राजनांदगांव लोकसभा सीट से छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी चुनाव के मैदान में है। भूपेश बघेल कांग्रेस पार्टी से चुनाव के मैदान में उतरे तो वही भारतीय जनता पार्टी ने मौजूदा सांसद संतोष पांडे को चुनाव के मैदान में उतारा है।

## मतगणना: अरूणाचल में भाजपा की हैट्रिक सिक्किम में एसकेएम को फिर से मिली जीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वी भारत के दो राज्यों अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। दोपहर 2 बजे तक दोनों राज्यों की तस्वीरें पूरी तरह से साफ हो गई। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर रही है। वहीं सिक्किम की जनता ने एक बार फिर से सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) पर भरोसा जताया है। यहां पीएस तमांग रेनॉक को भारी बहुमत दिया गया है।



अरुणाचल प्रदेश की 60 विधानसभा सीटों पर भाजपा 34 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है और 11 सीटों पर आगे चल रही है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस अभी तक खाता भी नहीं खोल सकी है और सिर्फ एक सीट पर आगे है। एनपीपी दो, पीपीए दो सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है और एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। इसी प्रकार सिक्किम में सत्ताधारी पार्टी एसकेएम ने विधानसभा की कुल 32 में से 31 सीटों पर बढ़त बना ली है। यहां एसकेएम का सीधा मुकाबला सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) से है। एसडीएफको यहां एक सीट पर बढ़त मिल रही है। भाजपा और कांग्रेस सिक्किम में खाता भी नहीं खोल पा रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में हीट वेव से बढ़ रहा मरने वालों का आंकड़ा, 1 जवान, 3 ट्रक ड्राइवर समेत 8 की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हीट वेव से होने वाली मौत का आंकड़ा धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। अब तक भीषण गर्मी से 8 लोगों की मौत हो चुकी है जिसमें एक जवान रायपुर में, बिलासपुर में एक महिला, जांजगीर चांपा में दो ट्रक ड्राइवर और कांकेर में एक ट्रक ड्राइवर की हीट वेव से मौत हो चुकी है। वहीं आज राजधानी रायपुर के तापमान की बात करें तो रायपुर में तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया है। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में दो अलग, अलग जगह तीन लोगों की मौत से हड़कंप है,तीनों मृतक ट्रक चालक बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक यहां दो ट्रक चालकों की पीआईएल रोड चांपा,जबकि एक की शिवरीनारायण में अचानक तबियत बिगड़ी जिनके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया था,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## चार-चार बच्चें पैदा करें सनातनी

श्रीकंचनपथ




कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने कहा है कि जब तक देश में इसके खिलाफ कोई कानून नहीं आ जाता, सनातनियों को 4-4 बच्चे पैदा करना चाहिए। दो बच्चे घर के लिए और दो राष्ट्र के लिए। यह सब सुनने में तो बड़ा अच्छा लगता है। दो बच्चे आगे चलकर माता-पिता का ख्याल रखेंगे। एक उन्हें कांधे पर बैठाकर तीर्थ यात्रा कराएगा। दूसरा घर का खर्चा चलाएगा। बाकी के दो राष्ट्र पर शहीद हो जाएंगे। इसलिए ज्यादा सोचने-विचारने की जरूरत नहीं है। वैसे भी महंगाई और रोजगार का जैसा आलम है, चार बच्चों को उनकी पसंद का भोजन और कपड़ा मिल जाए, यही बहुत होगा। सरकारी स्कूल में मध्यान्ह भोजन कर लेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आने के बाद ग्रेजुएशन की पूरी पढ़ाई करने की भी जरूरत नहीं रही। दो सेमेस्टर पास कर लिया तो सर्टिफिकेट मिल जाएगा, चार सेमेस्टर पढ़ लिया तो डिप्लोमा और छह सेमेस्टर पढ़ लिया तो डिग्री। जेब जहां तक पढ़ने की इजाजत देगी, वहां तक का सर्टिफिकेट मिल जाएगा। उन्होंने लड़कियों से भी कहा कि वे प्रेम विवाह न करें। पढ़ाई और नौकरी के दौरान 100 प्रकार के लड़के मिलेंगे। पर ये जीवन भर साथ नहीं देंगे। पिताजी जो लड़का ढूंढ कर ला देंगे, उनके साथ जिन्दगी गुजारी जा सकती है। कुछ साल पहले तक केवल हिन्दू, मुसलमान, सिख और ईसाई की बातें होती थीं। अब सनातनी और आ गए हैं। सनातनी चाहते क्या हैं, कहना मुश्किल है। क्या वो उस युग में लौट जाना चाहते हैं जहां से हम बड़ी मुश्किल से बाहर निकले हैं? हम उस युग की बात कर रहे हैं जब वर्ण व्यवस्था की विसंगतियां अपने चरम पर थीं। जब भीमराव अम्बेडकर को कक्षा से बाहर बैठकर पढ़ाई करनी पड़ती थी। लड़कियों को इसलिए ज्यादा नहीं पढ़ाया जाता था कि फिर वो ससुराल में एडजस्ट नहीं कर पाएगी। कम उम्र में शादी करवा दी जाती थी ताकि उसे ससुराल के लोग अपने अनुसार ठोंक-पीट कर ठीक कर सकें। वह दौर गुजर चुका। तब शादियां शायद इसलिए टिकी रह जाती थीं कि लड़की पूरी तरह से ससुराल और पति पर निर्भर होती थी। इसलिए न चाहते हुए भी उसे सबकुछ सहकर वहीं पड़े रहना होता था। अब स्थिति बदल चुकी है। लड़कियां लड़कों के बराबर ही नहीं खड़ीं बल्कि कई क्षेत्रों में उनसे आगे निकल चुकी हैं। अब वह भी आत्मनिर्भर है, स्वावलंबी है और आत्मसम्मान के साथ जीवन यापन करना चाहती है। अब एडजस्ट करना उसके लिए जरूरी नहीं रहा। एक खराब शादी से निकलकर वह भी नए सिरे से घर बसा सकती है, चाहे तो अकेले जिन्दगी काट सकती है। इसका लव मैरिज से कोई सीधा संबंध नहीं है। डिवोर्स अरेंज्ड मैरिज में भी होते हैं। बेशक कुछ लोगों को कोर्ट मैरिज से दिक्कतें हो सकती हैं। इससे उनका धंधा खराब होता है। डर है कहीं भोले-भाले लोग ऐसे कथावाचकों के झांसे में न आ जाएं। उनका तो जीना मुश्किल हो जाएगा।




## संपादकीय

# मानसून की दस्तक

मानसून के बादलों ने केरल का स्पर्श कर लिया और यह पूरे देश के लिए सुखद और स्वागतयोग्य सूचना है। गरमी से तपते उत्तर भारत में भी अब यह बहुत संतोष की बात है कि भारत-भूमि पर मानसूनी बारिश की शुरुआत हो चुकी है और इसके बादल अब निरंतर पास आते चले जाएंगे। केरल ही नहीं, पूर्वोत्तर के राज्यों में भी मानसून ने दस्तक दे दी है। वैसे केरल तट पर मानसून के पहुंचने की तिथि 1 जून ही है, लेकिन यह कभी पहले, तो कभी कुछ देर से पहुंचता है।

> वैसे केरल और दक्षिण भारत के अनेक इलाकों में मानसून के पहले की बारिश हो रही थी। पूर्वोत्तर में भी चक्रवात के प्रभाव की वजह से अनेक इलाके जल में डूबे हुए थे, फिर भी मानसून का आना और समय से दो दिन पहले आ जाना खास मायने रखता है। भू-विज्ञानियों के लिए यह अध्ययन का विषय है कि मानसून दो दिन पहले कैसे आ गया? क्या यह भारत-भूमि पर अत्यधिक गरमी या धूप का असर है? मौसम संबंधी हमारे अनुमान अगर सटीक नहीं बैठ रहे हैं, तो यह अपने आप में सोचने का विषय है।

खैर, मानसून को आगे बढ़कर महाराष्ट्र पार करने में दस दिन लगेंगे और जून महीने के आखिर तक यह उत्तर भारत को भी भिगोने लगेगा। वैसे यह माना जाता है कि दक्षिण में मानसून के आने का असर उत्तर भारत के मौसम पर भी पड़ता है। उत्तर भारत में लोग भीषण गरमी से मुक्ति के इंतजार में हैं। जगह-जगह से आगजनी की घटनाओं की सूचना भी आ रही है। भारत में गरमी से भी ज्यादा बड़ी समस्या जल या पेयजल का अभाव है और उससे भी बड़ी समस्या आगजनी है। इन सभी समस्याओं का अधिकतम समाधान मानसून के पास ही है और इसीलिए इसका बेसब्री से इंतजार स्वाभाविक है। मानसून अपने आप में एक पूरी संस्कृति है, जिसे दुनिया भर के अनेक विद्वान बहुत चाव से देखते हैं। अंग्रेज लेखक अलेक्जेंडर फ्रेटर ने 1980 के दशक के आखिर में एक साल मानसून का पीछा किया था, केरल के समुद्री तट से चेरापूंजी तक और एक पूरी किताब चेजिंग द मानसून ही लिख डाली थी कि कैसे मानसून के साथ भारत और उसका समाज खूबसूरत करवट लेता है। आज भी भारतीय समाज राहत की करवट के लिए बेताब है। मानसून के समय जीवन शैली के साथ-साथ पहनावे और खान-पान में भी बहुत परिवर्तन आ जाता है। सांस्कृतिक रूप से देश और समृद्ध हो उठता है। हालांकि, मानसून का समय भारतीयों के लिए सावधानी का समय है। बाढ़ और जल भराव से भी बड़े पैमाने पर नुकसान होता है।

बहरहाल, यह भी एक खुशखबरी है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है। देश भर में दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा चार प्रतिशत की मॉडल त्रुटि के साथ लंबी अवधि के औसत का 106 प्रतिशत होने की संभावना है। अच्छी बारिश का व्यापक महत्व है, क्योंकि भारतीय कृषि तंत्र भी बहुत हद तक बारिश पर निर्भर है। पूरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सीधे बारिश से जुड़ाव है और ग्रामों में अगर बारिश की वजह से खुशहाली आती है, तो इससे शहरों को भी लाभ तय है। एक और बात गौर करने की है कि इस बार पहाड़ों और जंगलों में बहुत आग लगी है। उत्तराखंड से लेकर जम्मू-कश्मीर तक से आग की शिकायत आई है। वैज्ञानिक भी यह मानते हैं कि गरमी के दिनों में जंगलों में लगने वाली आग का असली उपचार बारिश ही है।

## कोई तुझे भले न पूछे, तू अपने को पूछ

सुधीश पचौरी, हिंदी साहित्यकार

फिल्मों में अक्सर 'खलनायक' बनने वाला उस दिन समझा रहा था कि वोट देने जरूर जाना। एक हीरो समझा रहा था कि अरी जनता, वोट देना तेरा राष्ट्रीय कर्तव्य है, वोट देने जाना। एक नेता जी कहे जा रहे थे कि वोट देने जरूर जाना जी! वोट देना आपका राष्ट्रीय कर्तव्य है! मैं भी कहता रहा हूं कि वोट देने जरूर जाना, लेकिन मेरी कोई सुनता ही नहीं। जब-जब चुनाव आए हैं, मैंने भी सबको कहा कि वोट देना जरूरी है, लेकिन एक भी मीडिया ने मुझे यह कहते कभी न दिखाया। जब दिखाया, तो 'सेलिब्रिटीज' को दिखाया, लेकिन मेरे जैसे देशभक्त, जनतंत्रभक्त लेखक को किसी ने यह कहते नहीं दिखाया कि कि वोट देने जरूर जाना जी!

इस बार जब मैं वोट डालने गया, तो ऐसे टाइम पर गया, जब चैनल वाले लाइव कवर करते हैं, लेकिन वहां न कोई रिपोर्टर मिला, न कोई कैमरा दिखा, जो मुझसे पूछता कि लेखक जी! आपको वोट देना कैसा लगा? देश को कोई संदेश देना चाहेंगे? और मैं उंगली पर लगे स्याही के निशान दिखाते हुए कहता- वोट डालकर बड़ा बढ़िया लग रहा है, आप भी वोट डालने अवश्य जाएं।

आह! वह पंद्रह सेकंड का टीवी का अमरत्व मुझे आज तक नसीब न हुआ, जो हर नेता-अभिनेता को होता है। शायद इसीलिए मैं पाता हूं कि लेखक की किसी को जरूरत नहीं। हम जैसे लेखक, कवि, कहानीकार, आलोचक अपने आपको भले कहीं का तिम्मन खां समझते रहें, लेकिन सच यही है कि पूछने वाला कोई नहीं! आप ही बताइए, आज लेखक की हैसियत ही क्या है? आज न उसके लिखे को कोई भाव देता है, न उसके कहे को कोई मानता है और न उसकी हैसियत कोई पहचानता है।

ऐसे में, मैं अपने मुंह मियां मिट्ठू कैसे बनूं? कैसे बताऊं कि लेखक होने के नाते जनतंत्र का पहला पहरेदार मैं हूं। उसी को बचाने के लिए मेरी कलम चलती है। यह जनतंत्र हमारी कलम से जिंदा है। जब तक कलम है, तब तक जनतंत्र है। मगर हम जैसों को पूछता कौन है? हम जो शब्द जगत के प्रजापति हैं, सृजनकर्ता हैं, आत्मा के शिल्पी हैं, युग निर्माता हैं, मशाल' हैं... सब मारे-मारे फिरते हैं। नेता की वोट के निशान वाली उंगली की पूछ है। अभिनेता की उंगली की पूछ है। आंटा-आंटी, नानी-दादी, सबकी उंगली की पूछ है, पर हमारी उंगली की नहीं। वे सब अपनी उंगली के निशान को दिखा-दिखाकर हमारे जैसे लेखक को जलाते हैं और हम जलते हैं।

यूं तो दिल्ली लेखकों की नगरी है। ईंट उठाओ, तो दस लेखक, बीस बुद्धिजीवी निकलते हैं, लेकिन जब-जब चुनाव आते हैं, सबकी पूछ होती है, लेखक की नहीं। और हो भी क्यों? न वह वोट बैंक है, न सेलिब्रिटी है और न ही किसी का सगा है, तब कोई क्यों लिफ्ट दे? फिर भी एक लेखक के रूप में हम न जाने किस नशे में रहते हैं और अपने को न जाने किस अलौकिक लोक का वासी समझते हैं।

हम में से हर कोई अपने को तुलसी, सूर, कबीर समझता है, कोई अपने को गालिब, मीर समझता है, तो कोई अपने को देश की तकदीर समझता है, लेकिन जब-जब चुनाव आता है, उसे उसकी औकात बता दिया जाता है। भजते रहिए टैगोर, निराला; अकड़ते रहिए प्रेमचंद, प्रसाद, पंत, अज्ञेय, मुक्तिबोध पर और बचाते रहिए जनतंत्र-लोकतंत्र! लेकिन जब जनतंत्र का पर्व आएगा, कोई नहीं पूछेगा।

आप भी कहेंगे कि मैं क्या रोना लेकर बैठ गया! अरे भई, लेखक का काम है लिखना, कोई नहीं पूछता तो शिकायत काहे की? लोग नेकी कर दरिया में डालते हैं, तू लिख-लिखकर में लोक में डालता चल! अगर, इतनी उपेक्षा पर भी आज हर व्यक्ति एक लेखक, कवि, कथाकार बनना चाहता है, तो इसीलिए कि लेखक का जनतंत्र ही असली जनतंत्र है। कोई तुझे पूछे न पूछे, तू अपने को पूछ! यही लेखक का जनतंत्र है। यही लेखक की कीमत है!

**( ये लेखक के विचार हैं )**

नजरिया

# अमेरिकी चुनाव पर कितना असर डालेगा ट्रंप का दोषी होना

*दिलचस्प बात है कि वह अपने देश की एक बड़ी पार्टी (रिपब्लिकन) की तरफ से राष्ट्रपति पद के सबसे प्रबल उम्मीदवार भी हैं, हालांकि उनके नाम का अधिकृत एलान अभी बाकी है। सवाल है कि इस पूरे घटनाक्रम से अमेरिकी राजनीति में क्या बदलाव आएगा?*

हर्ष वी पंत, प्रोफेसर,
किंग्स कॉलेज लंदन



अमेरिकी राजनीतिक इतिहास में यह एक अप्रत्याशित घटना है कि किसी पूर्व राष्ट्रपति को अदालत ने दोषी माना हो। कोई पदासीन राष्ट्रपति भी अब तक अदालत से दोषी साबित नहीं हो सका है। मगर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'हश मनी' मामले में अदालत ने कुसूरवार माना है। दिलचस्प बात है कि वह अपने देश की एक बड़ी पार्टी (रिपब्लिकन) की तरफ से राष्ट्रपति पद के सबसे प्रबल उम्मीदवार भी हैं, हालांकि उनके नाम का अधिकृत एलान अभी बाकी है। सवाल है कि इस पूरे घटनाक्रम से अमेरिकी राजनीति में क्या बदलाव आएगा?

कई लोगों का कहना था कि ट्रंप यदि दोषी साबित होते हैं, तो वे उनके लिए वोट नहीं करेंगे। मगर इस एक घटना-मात्र से उनका विशाल समर्थक-वर्ग प्रभावित होगा, यह दावे के साथ नहीं कहा जा सकता। इसे ट्रंप के उस बयान से भी समझा जा सकता है, जो अदालती टिप्पणी के ठीक बाद आया। उन्होंने कहा, इस मामले के निपटारे में जमकर धांधली की गई। असली फैसला तो 5 नवंबर को लोगों द्वारा सुनाया जाएगा और वे यह जानते हैं कि यहां क्या हुआ है? इतना ही नहीं, इससे भी कहीं अधिक गंभीर मामले उन पर चल रहे हैं। फिर, कई 'स्विंग स्टेट' में, यानी जिन राज्यों के वोटर साफ-साफ किसी पार्टी के समर्थक नहीं हैं, ट्रंप को थोड़ी-बहुत बढ़त ही मिली हुई है। ऐसे में, ताजा घटनाक्रम से लोगों का मन शायद ही बदले। अलबत्ता, कयास यही प्रबल है कि ट्रंप-समर्थक अब कहीं अधिक गोलबंद हो जाएंगे, क्योंकि वे सब इसे राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा मानते हैं। हालांकि, इन सबसे स्विंग वोटर कितने प्रभावित होंगे, यह गौर करने वाली बात होगी। नजर इस बात पर भी बनी रहेगी कि इन सब घटनाक्रमों में जो मुद्दे अभी सुर्खियों में हैं, वे अपना असर कितना बचा सकेंगे? इन मुद्दों में महंगाई, आव्रजन, चीन से जुड़ी आर्थिक नीतियां, विभिन्न युद्धों में अमेरिकी इमदाद आदि महत्वपूर्ण हैं।


उल्लेखनीय यह भी है कि अमेरिकी मीडिया वहां की राजनीति की तरह दो धड़ों में बंटा है। वहां का दक्षिणपंथी मीडिया घराना इसमें राजनीतिक साजिश ढूंढ़ रहा है और मतदाताओं पर बहुत ज्यादा फर्क न पड़ने के दावे कर रहा है। उसके मुताबिक, ट्रंप के व्यक्तित्व या उनकी कमियों के बारे में लोगों को पहले से जानकारी है। फिर भी, यदि ट्रंप राष्ट्रपति पद के दावेदार के रूप में इतनी मजबूती से उभरे हैं, तो इसका सीधा अर्थ यही है कि लोग उनकी कमियों को स्वीकार करके उनके साथ खड़े हैं। उनके मुताबिक, इससे ट्रंप-समर्थकों का ध्रुवीकरण तेज ही होगा। एक चर्चा यह भी चल रही है कि अगर ट्रंप चुनाव जीतते हैं, तो डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेताओं पर भी ऐसे मामले चलाए जा सकते हैं। यानी, एक कानूनी मामले को वहां राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके दूरगामी असर पड़ सकते हैं।

कहा जा रहा है कि रिपब्लिकन के अंदर जो नेतागण ट्रंप के विरोधी हैं, वे अब उन पर कहीं अधिक हमलावर हो सकते हैं, लेकिन सच यह भी है कि विरोधी अब बचे कहां हैं? जिन-जिन लोगों ने अब तक ट्रंप को घेरने की कोशिश की, वे चुनावी जंग से बाहर निकल चुके हैं। भारतवंशी निक्की हेली का ही उदाहरण देखिए। एक समय वह और डोनाल्ड ट्रंप आमने-सामने थे और उनके बीच सीधा मुकाबला हो रहा था, लेकिन जब से निक्की हेली की हार हुई है, तब से उनको यह लगने लगा है कि यदि रिपब्लिकन पार्टी में अपना राजनीतिक भविष्य देखना है, तो ट्रंप का सहयोग करना ही होगा। देखा जाए, तो यह अध्ययन का विषय भी है कि ट्रंप इस कदर रिपब्लिकन पार्टी के समर्थक वर्ग को नियंत्रित करते हैं कि पार्टी की अपनी पहचान ही खत्म होती दिख रही है। रिपब्लिकन पूरी तरह से ट्रंप की पार्टी बनती जा रही है।

अदालत द्वारा दोषी साबित होने के बाद कयास जारी है कि ट्रंप को क्या सजा मिलेगी? उनको जेल जाना होगा क्या? या, इससे उनकी उम्मीदवारी पर कितना असर होगा? अमेरिकी कानून के मुताबिक, पहली बार दोषी साबित होने वाले अपराधी को समाज की सेवा करने या अर्थदंड जैसी सजाएं आमतौर पर सुनाई जाती हैं। डोनाल्ड ट्रंप को भी इसका लाभ मिल सकता है। यह अंदेशा नाममात्र ही है कि उनको जेल होगी। ऐसे में, उनकी उम्मीदवारी पर शायद ही कोई असर पड़ेगा। ट्रंप समर्थक इस वजह से भी उत्तेजित नहीं दिखते।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# राजनीतिक विसंगतियों से बचे नई लोकसभा



ललित गर्ग

अठारहवीं लोकसभा के गठन के लिये हो रहे चुनाव अब अन्तिम चरण में हैं। अब चुनाव परिणामों पर सबकी निगाहें लगी है, इसी के साथ नयी लोकसभा कैसी हो, किस तरह से राजनीतिक विसंगतियों से उसे बचाकर एक नये आदर्श लोकसभा का गठन हो, ताकि आजादी का अमृतकाल स्वर्णिम एवं सार्थक बन सके। वर्ष 2047 तक भारत की यात्रा परिवर्तन, संभावनाओं एवं अवसरों से भरी है। व्यापक लोकतांत्रिक सुधारों, समग्र विकास, आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाकर एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये प्रतिबद्धता, रणनीतिक योजनाओं, सही समन्वय एवं नयी लोकसभा के सदस्यों के आपसी संवाद की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल की पूर्णता तक पहुंचने से पहले देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने की पूरी स्वतंत्रता होती है। लोकतंत्र की नींव जनता के मतों पर टिकी होती है। नागरिकों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप प्रशासन देने वाला, संसदीय प्रणाली पर आधारित इसका मजबूत संविधान है। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के टूटते-बिखरते की स्थितियों और राजनीतिक प्रक्रिया के कारण आम लोगों में अरुचि और अलगाव बहुत साफ दिखाई देता है, इसके कुछ और भी अनेक कारणों में मुख्य है- समानता लोकतंत्र का हृदय है, लेकिन असमानता ही चहूं ओर दिखाई दे रही है। वोटों के गलियारे में सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने की होड और येन-केन-प्रकारेण वोट बटोरने के मनोभाव ने इस उन्नत शासन प्रणाली को कमजोर किया है, जिसकी झलक इन चुनावों में हमने बढ़-चढ़ कर देखी है।

नई संसद को लेकर विमर्श प्रारंभ हो गया है और होना भी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि आज भारत का हर नागरिक विश्व में अपने देश के सम्मान को लेकर गौरवान्वित है। देश के भविष्य को लेकर वह काफी आशावान है। दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने को लेकर उत्साहित है। इनकी आशाओं पर खरा उतरने की चुनौती आम चुनावों में सफल होकर प्रधानमंत्री और सांसद बनने वालों के सामने है। इसमें दो राय नहीं कि सकारात्मक नेतृत्व ही व्यक्ति और राष्ट्र को नई प्रेरणा देता है। ऐसे में नवनिर्वाचित सांसदों को सक्रिय संवाद की परम्परा को पुनर्जीवित करने का प्रयास दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करने की अपेक्षा है। इसी से निर्वाचित प्रतिनिधियों की साख एवं स्वीकार्यता बढ़ेगी एवं इसीसे भारत के लोकतंत्र को अपेक्षित गरिमा एवं जीवंतता मिल सकेगी। नयी गठित होने वाली लोकसभा के सामने यह बड़ी चुनौती है।

यह चुनौती बड़ी इसलिये है कि राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं।

लोकतंत्र में जनता की भागीदारी केवल वोट देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। जनता के स्वतंत्र लिखने, बोलने और करने की स्वतंत्रता का हनन करने वाले शासकों ने इस शासन प्रणाली को ही धुंधला दिया है। शासक ही सोचेगा, शासक ही बोलेगा और शासक ही करेगा- ऐसी घोषणाओं के द्वारा शासक ने जनता को पंगु, अशक्त और निष्क्रिय बनाया है इसका खासतौर से मध्यवर्ग, कामकाजी प्रोफेशनल्स और युवा आबादी में गहरा असंतोष है। शायद यही वजह है कि आज मुश्किल से ही कोई ऐसा व्यक्ति मिलता है, जिसकी राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने में कोई दिलचस्पी हो। गौरतलब है कि शहरीकरण और इकनॉमिक ग्रोथ के साथ-साथ ऐसे लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। एक तरह से लोकतंत्र जैसी स्वस्थ और आदर्श शासन प्रणाली भी प्रश्नों के घेरे में है। अब आवश्यकता इस बात की भी है कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास हो और मतदान के साथ-साथ नागरिक सजगता का भी विकास हो।


लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने, चुनाव की खामियों को दूर करने एवं नये लीडर उभारने के प्रयास करने होंगे। आम जनता की सजगता नयी बनने वाली सरकार एवं नये सांसदों की नीतियां और नियत क्या है इस पर भी केन्द्रित हो। वोट देने के बाद हमारे शासक कर क्या रहे हैं, इस पर नजर रखे बिना सजगता संभव नहीं है। सोशल मीडिया में भीड़ है, वह तख्ता पलट तो कर सकती है लेकिन उसके बाद का काम नहीं कर सकती। लिहाजा मतदान पहला कदम है अंतिम नहीं। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिये जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी से सरकार बनें और सही तरीके से चले भी। अच्छे लोग राजनीति में रूचि नहीं रखते। नागरिक सजगता की कमी इसी समझदार वर्ग में भी कम नहीं है। लोकसभा में अपराधियों की बढ़ती संख्या भी चिंता का विषय है। चुनाव आयोग पार्टियों को पंजीकृत तो कर सकता है लेकिन नियंत्रित नहीं। यह काम जागरूक नागरिक ही कर सकतें है अत: वे उठें और अपना कर्तव्य निभाएं। निष्क्रिय राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द होना चाहिए।

लोकतंत्र की यह दुर्बलता है कि सांसदों-विधायकों का चुनाव अर्हता, गुणवत्ता एवं योग्यता के आधार पर न होकर, दल या संस्था के आधार पर होता है। इससे राजनीति स्वस्थ नहीं बन सकती और न ही राजनीति में स्वस्थ, योग्य एवं प्रतिभासंपन्न उम्मीदवारों का चयन होता है। सही व्यक्ति की खोज वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरूरत है। स्वस्थ राजनीति में ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता इसलिये भी है ताकि लोकतंत्र को हांकने वाला निष्पक्ष हो, सक्षम हो, सुदृढ़ हो, स्पष्ट एवं सर्वजन हिताय का लक्ष्य लेकर चल सके। ऐसी व्यवस्था भी नियोजित की जानी चाहिए है जिसमें स्वतंत्र विचारों वाले जागरूक नागरिकों द्वारा हर सरकार के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए। यह उन्हें अपनी चुनावी घोषणाओं या जीतने के बाद किए गए वायदों के प्रति उत्तरदायी बनाएगा। हमें ऐसे मंच तैयार करने चाहिए जो भारत के उन युवाओं, प्रफेशनल्स और ऊर्जावान नागरिकों को एक साथ लाएं और आपस में जुड़ने का अवसर दें, जो इस देश की तस्वीर बदलना तो चाहते हैं लेकिन ऐसा कर नहीं पाते क्योंकि उनके पास मंच नहीं है। भावी नेतृत्व को तैयार करने के लिए हमें उनकी ऊर्जा को सही चैनल देने की पहल करनी होगी। यही युवा, सक्रिय नागरिक और प्रोफेशनल अपने पेशे, अपने तौर-तरीकों और नागरिकों मूल्यों की वजह से दूसरों के लिए रोल मॉडल की भूमिका निभायेंगे। यही लोग अगली पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बन जायेंगे। हमें भारत के विशाल प्रांगण में हर कोने में ऐसे लोगों की तलाश करनी होगी। ऐसे लोगों की तलाश और उन्हें लोकतंत्र के प्रशिक्षण का समुचित प्रबंध होना जरूरी है।

लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिये और नये लीडर तलाशने के लिये जरूरी है कि राजनीति के प्रशिक्षण का उपक्रम विभिन्न स्तरों पर संचालित होना चाहिए। न्यूनतम योग्यता एवं न्यूनतम प्रशिक्षण तय होना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर कृषि, ग्रामीण रोजगार, शिक्षा, वित्तीय अनुशासन, स्वास्थ्य और कुपोषण, जवाबदेही और पारदर्शिता, चुनाव और पुलिस सुधार, मानवाधिकारों की रक्षा और संसाधनों का बराबर इनका मिशन होना चाहिए। इसलिए परिवर्तन के लिए पहले ऐसे लीडर तैयार करने होंगे। सेमिनारों, वाद-विवादों और महत्वपूर्ण मुद्दों पर राय मांगकर उनकी पहचान की जा सकती है। लीडरों का सशक्तीकरण करें, ताकि वे बदलाव के वाहक बन सकें। ऐसे दूसरे संगठनों और दबाव समूहों की पहचान करें जो अराजनीतिक और अनौपचारिक तंत्र के हिस्से हों, जैसे एनजीओ और उन्हें नीतियों के निर्माण और उनके आकलन में सहभागी बनाएं।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# आगजनी के खिलाफ आधी-अधूरी लड़ाई



**हर साल शहरों में आगजनी होती है। साल 1986 में राष्ट्रीय राजधानी के पांच सितारा होटल में आग लग गई थी, जिसमें 37 लोगों की जान चली गई। उसी साल 12 नवंबर को लोकसभा में आगजनी रोकने संबंधी विधेयक पर चर्चा।**

इंद्रजीत गुप्त, वरिष्ठ नेता व सांसद

केवल एक सप्ताह पहले 6 नवम्बर को राजधानी के सभी प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों ने इस वर्ष के आरंभ में सिद्धार्थ इंटरकांटिनेंटल होटल में लगी आग के कारणों की जांच के लिए सरकार द्वारा नियुक्त एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग के निष्कर्षों की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रकाशित की थी। मुझे आशा है कि मंत्री को वह रिपोर्ट पढ़ने के लिए समय मिला होगा। उस अग्निकांड में 37 व्यक्तियों की मृत्यु हुई, जिनमें से कुछ, मुझे सही संख्या मालूम नहीं है, भारतीय नागरिक नहीं थे।

उस अग्निकांड में मारे गए लोगों के संबंधी अथवा जो गंभीर रूप से जले हैं या अपनी सारी निजी सम्पत्ति खो बैठे हैं, किंतु मुख्यत: मृतकों के संबंधी इस बात की प्रतीक्षा में हैं कि उनको किस प्रकार मुआवजा दिया जाएगा। अभी तक क्षतिपूर्ति के भुगतान का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। मेरा विश्वास है, सामान्य प्रथा यह है कि सरकार को दावा आयोग नियुक्त करना है। जहां तक मैं जानता हूं, अभी तक सरकार ने किसी दावा आयुक्त की नियुक्ति की घोषणा नहीं की है, अत: ये लोग न्यायालयों में निजी मुकदमे दायर कर सकते हैं, जिनको निपटाने में कई वर्ष लग जाएंगे।

यदि हम इस जांच रिपोर्ट के कुछ मुख्य मुद्दों को देखें, जैसा समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, तो निस्संदेह ऐसा लगता है कि यह विधेयक अपर्याप्त है। जांच रिपोर्ट में क्या कहा गया है? सबसे पहले, इसमें लिखा है, 'होटल के पास स्थायी कब्जा प्रमाणपत्र नहीं था।'

न्यायाधीश ने यही देखा और उन्हें 1982 की एशियाई खेलों के दौरान तीन महीने के लिए दिल्ली अग्नि सेवा द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र दिया गया। अत: अग्नि सेवा ने उन्हें स्वयं एक अनापत्ति पत्र दिया था, जो एशियाई खेलों के दौरान केवल तीन महीने तक के लिए वैध था। किसी ने भी नया प्रमाणपत्र प्राप्त करने अथवा जारी करने की परवाह कभी नहीं की थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है : भवन कानून का साफ तौर पर उल्लंघन करके होटल के प्रबंधकों ने भूमि तक में कार खड़ी करने के क्षेत्र को प्रीतिभोज हॉल में बदल दिया और ऊपर एक अतिरिक्त तल का निर्माण किया। भूमि तल से खाना पकाने की गैस के रिसाव से आग लग गई। होटल के भूमि तल में यांत्रिक वायु संचार नहीं है या भागने के रास्ते भी अपर्याप्त थे। होटल का निर्माण कुछ ऐसे था कि सभी ओर से आग बुझाने वाले नहीं जा सकते थे। आपात प्रकाश व्यवस्था भी काम नहीं कर सकी। रिपोर्ट में अनेक कारणों के लिए दिल्ली अग्निसेवा, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली पुलिस और दिल्ली प्रशासन की भी आलोचना की गई है। इसमें आगे कहा गया है: अग्निसेवा के पास कूदने वाले जाल, गद्दों व ऑक्सीजन का अभाव था। वहां हर व्यक्ति को उनके हाल पर छोड़ दिया गया और उन लोगों को अपने कमरों में ही रहना पड़ा, क्योंकि जब तक उन्होंने भागने का प्रयास किया, तब तक गलियारे धुंए से भर गए थे।

मुझे पूरा विश्वास है कि मंत्री गहराई से इस ओर ध्यान देंगे, क्योंकि यह विधेयक आकस्मिक घटनाओं से निबटने में वास्तविक रूप से अपर्याप्त है। मेरे विचार में यह पिछली बातों का ही प्रभाव है और इस प्रकार की आग से जो अनुभव हमें प्राप्त हुआ है, उसकी ओर ध्यान नहीं दिया गया है। यह अधपका विधेयक है।

आग लगने पर बचकर भागने की व्यवस्था होनी चाहिए। कभी मैं सोचता हूं कि यदि संसद भवन में आग लग जाए, भगवान का धन्यवाद है कि यह बहु-मंजिला इमारत नहीं है, किंतु यदि संसद भवन में आग लग जाए, तो यहां क्या प्रबंध किया गया है? हम इस बारे में कुछ नहीं जानते। यदि इस प्रकार आग लगती है, तो इन इमारतों के मालिकों और होटलों व सिनेमा घरों के प्रबंधन को भी मुख्यत: उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। कड़ी सजा होनी चाहिए।

**( लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से )**

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना

Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492


# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### जिला चिकित्सालय दुर्ग में फाईब्राइड पीड़ित मरीज का सफल ऑपरेशन

**दुर्ग।** स्व. पाडुरंग रामाराव डोनगांवकर जिला चिकित्सालय दुर्ग में जिला जशपुर के मरीज का बच्चा दानी में गोला (फाइब्राइड) को निकाला गया। मरीज को बहुत दिनों से पेट में दर्द, माहवारी में अत्याधिक रक्त स्त्राव, बार-बार पेशाब का रूकना ये शिकायत था, कई प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए गयी, अत्यधिक खर्च के कारण ईलाज नहीं करा पायी। इसके बाद जिला अस्पताल दुर्ग में आयी। जहां मरीज का जांच पश्चात् आपरेशन के दौरान 3 किलो का गोला निकाला गया, जो पेट में पुरा फैला हुआ था। छाती तक था जो फेफड़ों को भी दबा रहा था जिससे मरीज को सांस लेने में दिक्कत हो रहा था। मरीज को 20 मई 2024 को भर्ती कर सभी जांच कराने के बाद 30 मई 2024 को ऑपरेशन किया गया। महिला आपरेशन पश्चात् स्वास्थ्य लाभ ले रही है। मरीज के ऑपरेशन सिविल सर्जन एवं डॉ. ममता पाण्डेय के मार्गदर्शन में डॉ. बीआर साहू, स्त्री रोग विशेषज्ञ, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. संजय वालवान्द्रे, डॉ. पूजा वर्मा, स्टाफ नर्स बिंदु, अमीत, कीति कुर्रे, राजेश महिलांगे, यशोदा पटेल एवं ओ.टी. इंचार्ज श्रीमती मंजु नागरे उपस्थित थे। आरएमओ डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. ओपी वर्मा अस्पताल सलाहकार एवं दिलीप ठाकुर आजीवन सदस्य एवं प्रशांत डोनगांवकर मानद सदस्य जीवनदीप समिति के द्वारा सभी को सफल आपरेशन हेतु बधाई दी गयी।

### ग्रीष्म ऋतु में बाहर घूमने एवं अत्यधिक श्रम से बचें - डॉ. नागेन्द्र शर्मा

**कोरबा।** लायंस क्लब कोरबा द्वारा लायंस स्कूल में सामान्य सभा आयोजित की गयी। जिसका शुभारंभ ध्वजवंदना के साथ लायन शहनाज शेख ने कीया। उसके पश्चात क्लब की प्रशासनिक एवं सेवा गतिविधियों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। चर्चा के पश्चात ग्रीष्म ऋतु में कैसा रहे खान-पान इस विषय पर परिचर्चा के लिए लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव, अंचल के ख्यातिलब्ध आयुर्वेदाचार्य नाड़ी वैद्य लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा को आमंत्रित किया गया। कोषाध्यक्ष लायन रविशंकर सिंह, पूर्व अध्यक्ष लायन राजकुमार अग्रवाल , एमजेएफलायन राजकुमार अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ भेंटकर लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा का स्वागत किया। उसके पश्चात लायन डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने ग्रीष्म ऋतु में कैसा रहे खान-पान इस विषय पर स्वास्थ्य जागरुकता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने संबंधित विषय पर वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार प्रत्येक ऋतु में विशेष तरह के खान-पान का वर्णन किया गया है जिसे अपनाकर हम स्वस्थ्य रह सकते है। भारतीय परंपरा में ऋतुचर्या यानी ऋतुनुसार आहार-विहार करने की परंपरा रही है। यह संस्कार हमें विरासत में मिला है। अभी ग्रीष्म ऋतु चल रही है। इस ऋतु में हमें अपने आहार-विहार पर विशेष ध्यान देना चाहिये। ग्रीष्म ऋतु में सूर्य अत्यधिक गर्म रहता है जो अपनी किरणों से धरती की शीतलता को सोख लेता है। जिसके कारण जल का स्तर गिरने लगता है। अतरू हमे जल संरक्षण के उपाय करने के साथ-साथ अपने शरीर को स्वस्थ बनाये रखने के लिये शीतल जल (मटके अथवा सुराही) का पर्याप्त मात्रा मे सेवन करना चाहिए। जिससे शरीर में पानी की कमी न हो और हमारे शरीर का तापमान ऋतु अनुसार नियंत्रित रहे। ग्रीष्म ऋतु में हमारा पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। ऐसे में इस ऋतु में अत्यधिक तला, भुना, ज्यादा मिर्च-मसाले वाले भोज्य पदार्थों का का सेवन नहीं करना चाहिये। इस ऋतु में बाहर घूमना एवं अत्यधिक श्रम करने से भी बचना चाहिये। ग्रीष्म ऋतु में प्रातरू काल का पहला भोजन जल्दी लेना चाहिये।

# साय सरकार की आईआईएम में सुशासन की पाठशाला
# विकसित छत्तीसगढ़ का रोड मैप तैयार करने पर हुआ मंथन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के मंत्रियों को प्रबंधन की बारिकियां समझाने, सहयोग, नवाचार और दूरदर्शिता को बढ़ावा देने, राज्य के समृद्ध और समावेशी भविष्य के लिए आवश्यक सुधारों के बारे में विचार-विमर्श करने बीते दो दिनों तक, यानी 31 मई से लेकर 01 जून तक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रायपुर ने स्वयं के द्वारा डिजाइन किया गया एक अनूठा आयोजन किया।**



इस आयोजन को आईआईएम ने चिंतन-शिविर नाम देकर पारंपरिक आयोजनों का टच देते हुए एक बिलकुल नयी और ताजी परंपरा की शुरुआत कर दी। देश में संभवत: पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी चिंतन-शिविर में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने राजनीतिक रणनीति के बजाय दायित्वों के निर्वहन के लिए रणनीति पर गहन मंथन किया है।

राज्य की विष्णु देव साय सरकार की पहल पर ही आईआईएम ने इस बौद्धिक अनुप्रयोग का आयोजन किया था। इसमें गुड गवर्नेंस से बेस्ट गवर्नेंस की ओर बढ़ने और सुशासन की संकल्पना को मूर्त रूप देते हुए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सरकार के विजन को और तीक्ष्ण करने के संबंध में विषय-विशेषज्ञों से मंत्रियों ने विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और मंत्रिमंडल के उनके सहयोगियों ने सुशासन तथा बेस्ट प्रक्टिसेस के संबंध में विषय विशेषज्ञों के साथ अपने आइडियाज साझा किए। साथ ही अपनी जिज्ञासाएं भी रखी। इस दौरान मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी लगातार दो दिनों तक आईआईएम की कक्षा में न केवल उपस्थित रहे, बल्कि इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण छात्र जीवन को अपनाए भी रखा।

आईआईएम के इस आयोजन में राज्य सरकार ने देशभर के विषय विशेषज्ञों के साथ विकसित छत्तीसगढ़ की डिजाईन तथा क्रियान्वयन के रोड मैप पर बौद्धिक विमर्श किया। साथ ही इस संबंध में भी विमर्श हुआ कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए किस तरह विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए जा सकते हैं। इस सार्थक संवाद की खूबी यह रही कि इसमें छत्तीसगढ़ की जरूरतों, प्राथमिकताओं, संभावनाओं पर चर्चा के साथ-साथ विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण सुझाव भी सरकार को प्राप्त हुए।

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने आगामी 10 वर्षों में विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था को एक नई ऊंचाई दी है। सामाजिक-आर्थिक विकास को लेकर छत्तीसगढ़ में अपार संभावनाएं हैं। देश की अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने में छत्तीसगढ़ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। नीति आयोग के पूर्व सीईओ और जी 20 के शेरपा श्री अमिताभ कांत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सुन्दरता भी है और प्रचुर खनिज संपदा भी। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए खनिजों का विवेकपूर्ण दोहन जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण यहां पर पर्यटन की संभावनाओं का विकास और उसकी ब्रांडिंग भी है।

आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ उपमुख्यमंत्री अरूण साव व विजय शर्मा, आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक भजन सिंह की जन्मतिथि पर मदर टेरेसा आश्रम में फल व स्वल्पाहार वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** समृद्धि शाली सुंदर विकसित भिलाई के स्वप्नदृष्टा वैशाली नगर पूर्व विधायक भजन सिंह निरंकारी की जयंती मदर टेरेसा आश्रम शांति नगर भिलाई में सेवा दिवस के रूप मनाया गई। इस अवसर पर आश्रम में नगर निगम महापौर परिषद सदस्य संदीप निरंकारी एवम परिवार द्वारा वृद्धजनों व शारीरिक पीड़ितों को फल एवं स्वल्पाहार वितरित किया गया ।




कार्यक्रम का प्रारम्भ स्वर्गीय भजन सिंह निरंकारी जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर भिलाई नगर निगम महापौर परिषद सदस्य संदीप निरंकारी , पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृज मोहन सिंह , समाजसेवी संजय ओझा , वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन लाल गुप्ता ने स्वर्गीय निरंकारी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निरंकारी जी संत थे , जिन्होंने मानव सेवा माधव सेवा को जीवन का मूलमंत्र माना और इस मूलमंत्र के साथ जनसेवा का कार्य किया। भजन सिंह निरंकारी समृद्धशाली सुंदर विकसित भिलाई के स्वप्नदृष्टा थे , उनकी जयंती पर उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सबने अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व कैंप ब्लॉक अध्यक्ष प्रभाकर जनबंधु एवं आभार व्यक्त आयोजक भिलाई शहर जिला कांग्रेस महामंत्री संजीत चक्रवर्ती ने किया द्य इस अवसर पर मनोज मिश्रा , अशोक गुप्ता , पारस गुप्ता , राजेश शर्मा , राजेश गुप्ता , अनिल सिंह , दलविंदर सरपाल , संजीव अर्नाल्ड, सर्सीज घोष , जुली अर्नाल्ड, साहू सुमित सुखदे , कृष्णा सिंह, , अतुल कुमार , बहादुर थापा , मो रफीक, अजय शिरबाविकर,हेलीवल अग्रवाल , केदार बंसल, आश्रम के मैनेजमेंट सिस्टर, शंकर सचदेव आदि उपस्थित रहे।

## अपर कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन के निर्देशन में अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय नारायणपुर में निर्मित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का तैयारियों की निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना की पूरी तैयारियों का जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिये। अपर कलेक्टर श्री पंचभाई ने संपूर्ण स्थल का सुरक्षा के मद्देनजर बारीकी से निरीक्षण करते हुए पार्किंग स्थल दो जगह बनाये जाने के निर्देश दिये। शारदा प्राथमिक विद्यालय में काउंटिंग एजेंटो के लिए पार्किंग और पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार महिला महाविद्यालय में निर्वाचन संबंधी अधिकारी कर्मचारियों के लिए पार्किंग स्थल बनाया गया है।

मतगणना 14 टेबल में 19 राउंड में संपन्न किये जाने की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम परिसर में स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक कंट्रोल यूनिट को सुव्यवस्थित रूप से पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण करते हुए मतगणना प्रेक्षक की बैठक व्यवस्था एवं काउंटिंग स्थल पर विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बैरीकेटिंग, गाड़ियों की पार्किंग, पुलिस बल एवं निगरानी के लिए उचित व्यवस्था करने एवं मतगणना के दिवस के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतगणना स्थल पर प्रवेश द्वार तथा मीडिया सेंटर में दो टीव्ही सेट, कम्प्यूटर नेट सहित सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग आफिसर अभयजीत सिंह मण्डावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग, सीएमएचओ डॉ. टीआर कुंवर, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जेएल मानकर, एसडीओ चमन ठाकुर, जनपद सीईओ एलएन पटेल सहित अन्य निर्वाचन संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## एसईसीएल व सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को दिया गया परफॉर्मेंस एक्सीलेंस अवार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग द्वारा एसईसीएल व सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को परफॉर्मेंस एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। दिनांक 31 मई 2024 को मसूरी में आयोजित 24वीं सीईओ कॉन्फ्रेंस के दौरान कोयला उद्योग में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए एसईसीएल व सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया ।विदित हो कि सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के प्रेरक नेतृत्व में एसईसीएल ने वित्त वर्ष 23-24 में लगातार दूसरे वर्ष 20 मिलियन टन की एतेहासिक वृद्धि के साथ अपने इतिहास का सर्वाधिक 187 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष 23-24 में एसईसीएल ने 180.5 मिलियन टन कोयला उपभोक्ताओं को प्रेषित किया जिसमें सर्वाधिक 147.8 मिलियन टन कोयला देश के विद्युत संयंत्रों को भेजा गया, यह किसी एक वर्ष में कम्पनी द्वारा पावर सेक्टर को दिया गया सर्वाधिक डिस्पैच है। इसके साथ ही भूविस्थापितों के हितों का ध्यान रखते हुए एसईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों में वर्ष 23-24 में एसईसीएल ने कुल 707 भूविस्थापितों को रोजगार स्वीकृत किए जो कि पिछले एक दशक में सर्वाधिक है।

## धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** गर्मी के मौसम को देखते हुए लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्गदर्शन दिया गया है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरनहाइट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है। इसका असर बच्चों, बुजर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है।



हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन (तापमान नियंत्रण) मस्तिष्क के हाईपोथलेमस भाग से होता है। जब वातावरण 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरनहाइट से अधिक हो जाता है, तब टेम्परेचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है। परिणामस्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्न होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि लू लगने पर शरीर में लक्षण दिखाई देने लगते है। जिसमें सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना शामिल है। लू से बचाव के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकते है। बहुत अनिवार्य नहीं हो तो घर से बाहर न जाए, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले, पानी अधिक मात्रा में पीये, मौसमी फल जैसे तरबूज, ककड़ी,छाछ, लस्सी समय-समय पर लेते रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए जिससे हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीये, चक्कर आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। उन्होंने प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से नि:शुल्क परामर्श लेने तथा उल्टी, सर दर्द, बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह लेने कहा है।

# चिरौंजी प्रसंस्करण केन्द्र में नहीं पहुंचा चार फल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** जिले के वन क्षेत्रों में चार फल के पेड़ों में आ रही कमी के कारण अब चिरौंजी भी दुर्लभ उपज की श्रेणी में आने लगा है। 40 लाख की लागत से कोरबा वन मंडल कार्यालय परिसर में निर्मित चिरौंजी प्रसंस्करण केंद्र में इस वर्ष एक भी चार फल नहीं पहुंचा है। चार का दर राज्य सरकार ने 300 रूपये किलो निर्धारित किया है। इसके विपरीत खुले बाजार में 400 से 450 रूपये प्रति किलो दर से मांग होने के कारण संग्राहक समिति की जगह खुले बाजार में बिक्री कर रहे हैं।




शीतल पेय, मीठा सहित विभिन्न खाद्य सामानों का स्वाद बढ़ाने के लिए चिरौंजी उपयोग किया जाता है। खासतरौर पर मीठे में ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। चिरौंजी ड्रायफ्रूड की भी श्रेणी में है। यही वजह है कि 1500 से 1800 रूपये किलो बाजार में चल रहा। चार का संग्रहण अप्रैल और मई माह में होता है। जिले के दूरस्थ वन क्षेत्र लेमरू, पसरखेत, कोलगा, मदनपुर आदि क्षेत्रों में सघन पेड़ थे जो अब विरल होने लगे हैं ।इसकी प्रमुख वजह जंगल में हो रही अवैध कटाई को माना जा रहा। संख्या कम होने का सीधा असर उपज पर भी पड़ रहा है। एक समय था जब खुले बाजार में चार पुल खाने के लिए बिकता था। पके हुए चार फल को खाने का स्वाद अलग होता है। चार को सुखाकर चिरौंजी निकाली जाती है। वन मंडल कार्यालय परिसर में स्थित प्रसंस्करण केंद्र में चार का चिरौंजी निकालकर बाजार में बेजा जाता है ताकि संग्राहकों को सही दाम मिल सके। राज्य वन संचालनालय की ओर से प्रति वर्ष वनोपज के तौर चार का एक निश्चित कीमत निर्धारित कर दिया जाता है। इस वर्ष 300 रूपये प्रति किलो दर निर्धारित किया गया था। यह बीते वर्ष की तुलना में 50 रूपये अधिक है। चार फल कम उत्पादन होने के कारण खरीदारों में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। वनोपज के तौर पर चार पेड़ों की संख्या जंगल में लगातार कम हो रही है।

इमारती लकड़ी के तौर पर पेड़ों की मांग होने से अवैध कटाई को बढ़ावा मिला है। सरई, गुंजा, साजा जैसे पेड़ों की अपेक्षा चार पेड़ को तैयार होने में अधिक समय लगता है। वन मंडल की ओर से चार पेड़ की रोपणी नहीं के बतौर की जा रही है। यही वजह है कि चार की तादात में लगातार कमी आ रही है।लिहाजा चिरौंजी दुर्लभ वनोपज में शामिल हो गया है। पेड़ों के संवर्धन में समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो वह दिन दूर नहीं जब चार पुल विलुप्त होने के कगार में आ जाएगा। चार संग्रहण नहीं होने की वजह से इन दिनों चिरौंजी प्रसंस्करण केंद्र में फूड प्रासेसिंग महुआ गोदाम बन कर रह गया है।पेड़ों की तादाद कम होने के कारण चार के संग्रहण को लेकर संग्राहकों में प्रतिस्पर्धा की स्थिति बनी रहती है। चार को पूरी तरह पकने के पहले ही तोड़ लिया जाता है। जिन किसानों के खेतों में चार पेड़ हैं वे भी चोरी होने की आशंका से पकने से पहले ही तोड़ाई कर लेते हैं। अधपके चार से पर्याप्त मात्रा में चिरौंजी मिल पाना मुश्किल है। इन दिनों बाजार में बेहतर क्वालिटी के चिरौंजी की कीमत 1800 रूपये किलो है। शहरों के बजाए महानगरों में इसकी मांग अधिक होने से स्थानीय प्रसंस्करण केंद्रों से चार फल गायब हो गया है।

जंगल की हरियाली को समृद्ध रखने में चार पेड़ का महत्वपूर्ण योगदान है। यह वनोपज देने के साथ यह जंगल की मिट्टी कटाव को भी रोकता है। समितियों को वनोपज संग्रहण के साथ वन की सुरक्षा का भी दायित्व दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गठित समिति गांव के आसपास के ही पेड़ों की देखरेख कर पाते हैं। वनक्षेत्र में संरक्षण के लिए लगाए गए रेंजर ज्यादातर जिला मुख्यालय में ही देखे जा सकते हैं।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 को होंगे विविध आयोजन

**रायपुर ( ए. )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को छत्तीसगढ़ शासन के वन विभाग, सामाजिक वानिकी विभाग एवं अनेक स्वयं सेवी संगठनों द्वारा आम लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण लगाए जाने के लिए जहां प्रेरित किया जाएगा। वहीं बच्चों के द्वारा विविध रंगों को उकेरकर अपनी कलाकृतियों के माध्यम से चित्र बनाकर विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व को प्रदर्शित किया जाएगा। गौरतलब है कि सघन वृक्षारोपण ही बढ़ती गर्मी को रोकने का एक मात्र उपाय है। इस संबंध में हमारे कोरिया के संवाददाता कृष्णा सिंह बाबा ने चर्चा के दौरान बताया कि सरगुजा, बस्तर, पेण्ड्रा, जशपुर सहित छत्तीसगढ़ में सघन वनों के कटने से जहां पिछले कुछ वर्षों में तापमान में वृद्धि हुई है, वहीं हसदेव जंगल की कटाई होने से सरगुजा भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा आज राजस्थान, पाकिस्तान सीमा पर 55 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड तोड़ तापमान होना देश प्रदेश में ग्लोबल वार्मिंग के चलते बढ़ते तापमान को प्रमाणित करता है, इस बार छत्तीसगढ़ में जिस तरह से मुंगेली का तापमान 47 डिग्री पार दर्ज किया गया वह अपने आप में एतिहासिक वृद्धि का तापमान रिकॉर्ड है। समय के साथ-साथ जंगलों की कटाई पर पर रोक लगना जरूरी है, वे अपने विचार के माध्यम से छत्तीसगढ़ के जन मानस से बढ़ते तापमान से मुक्ति के लिए अधिक से अधिक सघन वृक्षारोपण किए जाने की अपील करते हैं, कृष्णा बाबा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने घर के आस-पास पांच पौधे लगाता है तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह अग्रगामी कदम होगा।

### पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं वट सावित्री का व्रत रखेंगे 6 को

**रायपुर ( ए. )।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जेठ अमावस्या के अवसर पर सुहागिन महिलाओं द्वारा बरगद के पेड़ पर चारों ओर मौली धागा बांधकर विधिवत् पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का व्रत किया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार पतिव्रता सावित्री ने अपने पति सत्यवान की अल्पआयु में मृत्यु होने पर यमराज के समक्ष हठकर बरगद के पेड़ के नीचे अपने पति के प्राण वापस लिए थे। तब से यह व्रत ठीक 12 बजे दोपहर को सुहागिन महिलाओं द्वारा नंगे पैर बरगद के वृक्ष के पास पहुंचकर विधिविधान के साथ पूजन अर्चन कर अपनी पति की आयु में वृद्धि की कामना करती हैं।

आम की 150 से अधिक किस्मों एवं 56 व्यंजनों का किया जाएगा प्रदर्शन

# कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव 12 से 14 जून



**रायपुर ( ए. )।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 12, 13 एवं 14 जून को कृषि महाविद्यालय परिसर रायपुर में राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की 150 से अधिक किस्मों एवं आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें छत्तीसगढ़ एवं देश के विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे। अवसर पर आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता भी आयोजित है। इसके अतिरिक्त आम की सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, महिलाएं तथा अन्य सामान्यजन भी पंजीयन कर भागीदारी कर सकते है। इस प्रतियोगिता में पंजीयन एवं प्रवेश पूर्णतया नि:शुल्क रहेगा। राष्ट्रीय आम महोत्सव में संस्थागत एवं व्यक्तिगत प्रतियोगी भी सहभागी हो सकते हैं।

आयोजन के प्रथम दिवस 12 जून को प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक प्रविष्टियों का पंजीयन किया जाएगा। इसके पश्चात सामान्यजनों के लिए प्रदर्शनी अवलोकनार्थ साय: 9 बजे तक खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में आम की विभिन्न किस्मों के फल, आम के विभिन्न उत्पाद एवं आम के पौधे भी सामान्यजनों हेतु विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। आयोजन के द्वितीय दिवस आम उगाने वाले कृषकों एवं जिज्ञासुओं के लिए 13 जून को 12 बजे से 4 बजे तक तकनीकी मार्गदर्शन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता के आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन, आम के विभिन्न उत्पाद एवं उनके विपणन के साथ ही आम उत्पादन हेतु छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की जायेगी, जिससे नयी पीढ़ी के लोग आम उत्पादन की ओर बढ़ सके। आम उत्पादन को पर्यावरण के संरक्षण के साथ एक स्वास्थ्यवर्धक व्यवसाय के रूप में अपनाने की जानकारी आम लोगों को प्रदान की जा जाएगी।

राष्ट्रीय आम महोत्सव के अंतिम दिन प्रदर्शनी के अवलोकन के साथ ही प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जायेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय फल ''आम'' जो कि आम जनता का प्रिय फल है उसकी समस्त सामान्य एवं खास किस्मों, विशिष्ट उत्पादों एवं भविष्य में अधिक उत्पादन के लिए रोजगार के साधनों की जानकारी सामान्य नागरिकों, महिलाओं, विद्यर्थियों, नव उद्यमियों एवं कृषकों को प्रदान करना है। राष्ट्रीय आम महोत्सव के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागी न्यूनतम 10 आम प्रति किस्म के साथ भाग ले सकते हैं। इस अवसर पर आयोजित आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता सामान्य जन न्यूनतम 250 ग्राम आम के उत्पाद को पंजीयन कर इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। इस आयोजन में पंजीयन एवं प्रवेश नि:शुल्क है।

# दोषी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

### विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाये रखने के लिए अधिकारी-कर्मचारी कर रहे हैं प्रयास






**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में कंपनी अध्यक्ष तथा प्रदेश के ऊर्जा सचिव पी.दयानंद की बैठक की धमक रही। बिजली आपूर्ति में बाधा की शिकायतों को देखते हुए दयानंद ने ट्रांसमिशन कंपनी तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों को तलब किया । उन्होंने जिन स्थानों पर आपूर्ति बहाली में निर्धारित से अधिक या गैरवाजिब समय लग रहा हैं, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

विभिन्न समाचार पत्रों तथा न्यूज वेब पोर्टल में बिजली की आपूर्ति में बाधा आने के बाद इसकी बहाली में लगने वाले अधिक समय को लेकर प्रकाशित समाचारों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष पी.दयानंद ने यह बैठक बुलाई थी। उन्होंने जब विस्तार से इन समस्याओं का कारण पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि विगत पांच वर्षों में विद्युत उपकेन्द्र तथा लाईनों की स्थापना जैसे अधोसंरचना के विकास के कार्यों में बहुत रूकावट आई थी। अनेक कारणों से विद्युत विकास कार्यों में प्रगति नहीं हो पाई जिसका विपरीत असर वर्तमान समय में दिखाई पड़ रहा है। गर्मी के कारण जहां सर्वाधिक मांग दर्ज की जा रही है, उसके अनुरूप आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है

लेकिन जिन स्थानों पर कार्य स्वीकृत है, टेंडर हो चुके है, बजट की समस्या नहीं है वहां भी उचित मानीटरिंग नहीं होने के कारण वांछित प्रगति नहीं हो पाई है ।

श्री दयानंद ने इन परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही ऐसे कार्यो की सूची तलब की है। जशपुर जिले में 15 विद्युत उपकेन्द्र स्वीकृत होने के बावजूद वहां कार्य पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने आश्चर्य एवं क्षोभ व्यक्त किया। बैठक में बताया गया कि यदि ये कार्य समय पर हो गये होते तो मौसम के कारण वर्तमान समय में जो दिक्कतें आ रही हैं उनका समाधान हो गया होता। उन्होंने विद्युत आपूर्ति में बाधा और लंबे समय तक आपूर्ति बहाल नहीं होने वाले प्रकरणों की सूची भी तलब की है ताकि जिम्मेदारी का निर्धारण किया जा सके। आज की बैठक में उन्होंने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के आधार पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है आगे भी बड़े पैमाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने सहित अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये है।

मांढर जिला रायपुर, मनेन्द्रगढ़, भाटापारा, कोपरा, भानुप्रतापपुर, रायगढ़, जगदलपुर, बिलासपुर आदि स्थानों से आये समाचारों के आधार पर उन्होंने कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। श्री दयानंद ने कहा है कि दोषी पाये जाने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। श्री दयानंद ने कहा कि पूर्व की अनेक विफलताओं के बावजूद भीषण गर्मी के समय में प्रदेश में विद्युत आपूर्ति को काफी हद तक बेहतर बनाये रखने के लिए अधिकारी-कर्मचारी भरसक प्रयास कर रहे है। बैठक में प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने अनेक स्थानों पर पारेषण तथा वितरण तंत्र की मजबूती के लिए हुई अच्छी प्रगति की जानकारी भी दी तथा बताया कि आचार संहिता के कारण भी बहुत से कार्य प्रभावित हुए है जिन्हें आचार संहिता समाप्त होते ही तेजी से पूर्ण किया जायेगा। वर्ष 2024 के अंत तक अनेक कार्य पूर्ण करने की जानकारी उन्होंने दी। बैठक में भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक (वितरण), राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक(वितरण-परियोजना), संजय पटेल, कार्यपालक निदेशक(पारेषण-परियोजना) आदि वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# केन्द्रीय जेल रायपुर में 34 बंदी कैदियों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी-रायपुर के माध्यम से केन्द्रीय जेल रायपुर में विचाराधीन एवं सजायाफ्ता कैदियों को कौशल विकास एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13 दिवसीय इंस्टालेशन ऑफ सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म एवं स्मोक डिटेक्टर विषय पर 34 कैदी को प्रशिक्षण प्रदाय किया गया, जिसमें सीसीटीवी इंस्टालेशन की तकनीकी तथा उद्यमिता विकास के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदाय की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन संचालक श्रीमती नम्रता जैन की उपस्थिति में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर मिशन संचालक द्वारा प्रशिक्षार्थी कैदियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम संबंधी उनके अनुभव एवं प्रशिक्षण से लाभ के संबंध में जानकारी ली गई, साथ ही जेल में बंद कैदियों को और किन-किन तरह के ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदाय किया जा सकता है इत्यादि विषयों पर सुझाव मांगे गए। जिस पर कुछ प्रशिक्षार्थी कैदियों द्वारा जेल परिसर में सामान्यत: ग्रामीण जनजीवन को आधार बनाकर कृषि, पशुधन से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करने और बंदी कैदियों को बाहरी दुनिया में बेहतर अवसर प्रदान किए जाने की मांग की गई। कैदियों की क्षमताओं का सृजनात्मक उपयोग के लिए आगे भी जेल परिसर में विभिन्न प्रकार ट्रेड जैसे-कृषि कार्य, नर्सरी, सिलाई एवं बेकरी इत्यादि में मांग अनुरूप स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण करवाने हेतु मिशन संचालक महोदया द्वारा आश्वासन दिया गया। उक्त प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम के दौरान अमित शांडिल्य केन्द्रीय जेल अधीक्षक रायपुर, दीपक मिश्रा, उप आंचलिक प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर, मनोज मिश्रा सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबंधक-जॉब्स, एसआरएलएम स्टेट आरसेटी नोडल, अरूण कुमार सोनी स्टेट कंट्रोलर ऑफ आरसेटी, अशोक कुमार सिंह स्टेट डायरेक्टर ऑफ आरसेटी, नवीन कुमार सिंग, निदेशक आरसेटी, कौशल कुमार मिश्रा, सीनियर फेकल्टी आरसेटी रायपुर, शशांक दीवान जेल शिक्षक, चंदन साहू प्रशिक्षक एवं दिलीप कुमार यदु एफएलसी उपस्थित रहे।

# प्रेम विवाह हो, लेकिन वर कन्या के योग्य हो

### प्रेम का विरोध नहीं पर लव जिहाद का विरोध करते है



**रायपुर ( ए. )।** हिंदुओं को 4 बच्चे पैदा करना बेहद जरूरी है, इन चार बच्चों में से दो को अपने पास रखें, एक को सनातन सेवा में और एक को राष्ट्र सेवा में लगाएं। एक ही बच्चा होगा तो किसे अपने पास रखेंगे और किसे धर्म रक्षा में देंगे? लड़कियों को लव मैरिज नहीं करना चाहिए, वे प्रेम का विरोध नहीं कर रहे है लेकिन लव जिहाद का विरोध है। प्रेम विवाह हो, लेकिन वर कन्या के योग्य हो इसके साथ ही माता-पिता की सहमति भी होना जरूरी।

उन्होंने छत्तीसगढ़ को काशी बताते हुए कहा कि जैसा काशी में महत्व है वैसा खारुन नदी के हठकेश्वर नाथ का है। कथा करवाने वाले भी वहीं है और कथा करने वाले भी वहीं। मुगले के जमाने में मंदिरों में लगे ताले के जवाब में उन्होंने कहा कि जिन मंदिरों में ताले लगे हैं उन्हें खुलवाने का प्रयास कर रहे है आने वाला समय वाले में जो मंदिर बंद पड़े है वह खुल जाएंगे और स्वयं शंकर यह कार्य करेंगे। जो भी धार्मिक आयोजन होते हैं वह खुले मंच से होते है और इस दौरान लोगों को यह प्रेरणा दी जाती हैं कि धर्मांतरण रुके लेकिन जो अधर्मी हैं न कहीं न कहीं उन्हें बरगलाने का काम कर रहे है। उनका अधिकांश फोकस अनपढ़ व ग्रामीण क्षेत्र के लोग होते हैं जो उनके झांसे में आ जाते है और सनातन धर्म को छोड़कर उनके धर्म में चले जाते है। उसमें कुछ गलती हमारी भी हैं कि हम उन लोगों को समझाने का प्रयास भी नहीं करते हैं लेकिन हमें अब प्रयास करने की जरुरत हैं कि उन्हें समझाएं, हम यह प्रयास करना शुरु कर देंगे तो वे धर्म परिवर्तन करना छोड़ देंगे। बाबा बागेश्वर धाम को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि कई लोग कहते हैं कि हम उन लोगों को घर वापसी करवा रहे हैं लेकिन मैं कहता हूं कि वे अपने घर से गए ही कब थे जो उन्हें घर वापसी करा रहे है। वे अपने ही कारण तो गए हुए थे, प्रयास यह करें कि उनको पीछे न हटाकर आगे कर दें तो धर्मांतरण अपने आप समाप्त हो जाएगा।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि धर्मांतरण का लेखा जोखा सरकार के पास होता हैं कि नहीं यह तो उन्हें नहीं मालूम। सरकार इस ओर प्रयास जरुर करती हैं। अगर संविधान के हिसाब से चलेंगे तो भी धर्मांतरण रुक सकता है। आने वाले समय में जब केंद्र में सरकार बनकर जैसे ही आएगी हम उनसे इस पर बात जरुर करेंगे।

गर्मी से राहत दिलाने ट्रैफिक जवानों को मठा और इलेक्ट्राल पाउडर वितरित

# राजधानी में समाज सेवी संस्था ने चलाया सेवा अभियान



**रायपुर ( ए. )।** शहर में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी, लू से हर कोई हलाकान है। चौक-चौराहों पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे यातायात के जवानों को गर्मी से राहत देने गुरूवार से समाज सेवी संस्था वी फोर नेशन ने सेवा अभियान चलाया। संस्था के सदस्यों ने वीआइपी चौक श्रीराम मंदिर से इस अभियान का शुभारंभ कर शहर के प्रमुख चौक-चौराहे पर जाकर ड्यूटी कर रहे यातायात जवानो को शीतल पेय,मठा, इलेक्ट्राल पाउडर आदि का वितरण किया।

भनपुरी यातायात थाने में पदस्थ आरक्षक भागीरथी कंवर की धनेली में गर्मी की वजह से आकस्मिक मौत होने से दुखी संस्था के पदाधिकारियों ने एक आपातकालीन बैठक कर यह फैसला लिया कि आगामी जितने दिन भी इस तरह से प्रचंड गर्मी और लू पड़ेगी संस्था के सभी सदस्य चौक-चौराहों पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक जवानों को शीतल पेय, मठा, इलेक्ट्राल पाउडर आदि देकर तरोतजा करने का काम करेंगे ताकि ऐसी दुखद घटना की पुनरावृत्ति न हो। इस सेवा अभियान में संस्था के अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, जेएस ठाकुर, रोहित, चंदू, कृष्णा दास, मिशिका तिवारी, दिव्यांशी शर्मा, अजीत, लवली कौर, किरण अग्रवाल, अखिल खरे, शुभम सिंह, निशा सिंह, निलोफर अली, अभिषेक, सोमराज, सतीश कुमार, अचला बक्शी आदि शामिल थे।

प्रदेश में गर्मी की भीषण लहर है।आम इंसान से लेकर पशु-पक्षी सभी गर्मी की मार से बेहाल है। वी फोर नेशन संस्था का यह सेवा अभियान नौतपा असर जब तक कम न हो जाए,तब तक रोजाना 12 से पांच बजे तक जारी रहेगा। इस अभियान में मूक जानवरों के पीने के लिए पानी,भोजन आदि रखने संस्था की ओर से निश्शुल्क कोटना,सकोरों का वितरण भी किया जा रहा है। जिस व्यक्ति को इसकी जरूरत है वे फोन नंबर 9302088111 पर काल करके कोटना, सकोरे प्राप्त कर सकते। संस्था की ओर से यह आपके घरों तक पहुंचा कर दिया जायेगा। भविष्य में भी टूट-फुट होने पर संस्था से दोबारा प्राप्त कर सकते है। केवल आपको रोज उसमे पानी व भोजन की व्यवस्था पवित्र मन से करनी होगी।

# पॉवर कंपनी में अधीक्षण अभियंता सहित कर्मचारी हुए सम्मानित

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में सेवानिवृत्ति के दिन कर्मियों को पेंशन आर्डर देने का कार्यक्रम पुन: प्रारंभ कर दिया है। प्रदेशभर में कार्यरत कर्मियों में से सेवानिवृत्त होने वालों को मुख्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाता है एवं उन्हें पेंशन, ग्रेच्यूटी, अर्जित अवकाश सहित सभी देयहितलाभ का प्रमाण पत्र समारोह में प्रदान किया जाता है। कोरोना काल के समय से इसमें विराम लग गया था। ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आरके शुक्ला ने इस परंपरा को पुन: आरंभ करवाया है।

इस मौके पर प्रबंध निदेशक श्री शुक्ला ने कहा कि हमारे कर्मी हमारी अमूल्य संपत्ति है, उनके जीवनभर के योगदान से हम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं। सेवानिवृत्ति के उपरांत उन्हें पेंशन इत्यादि के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए उन्हें सेवानिवृत्त के दिन ही इसका प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। आने वाले समय में इसे नियमित रूप से जारी रखा जाएगा। ट्रांसमिशन कंपनी के राज्य भार प्रेषण केंद्र में आयोजित समारोह में अधीक्षण अभियंता पीयूषराम साहू जगदलपुर, कार्यपालन अभियंता अशोक कुमार अग्रवाल रायपुर, अनुभाग अधिकारी किशोर कुमार यादव भिलाई, श्रीमती अनुराधा बक्षी रायपुर, लाइन सहायक श्रेणी 2 सुशील कुमार बरवा कोरबा, लाइन अटेंडेंट श्रेणी-1 प्रेमलाल व्दिवेदी खेदामारा, सिविल अटेंडेंट श्रेणी 1 तुलांबर प्रसाद पटेल भिलाई एवं मुख्य सुरक्षा सैनिक रामकुमार विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह व पेंशन आर्डर भेंट किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, एमएस चौहान, अशोक कुमार वर्मा, आरसी अग्रवाल एवं मुख्य अभियंता अविनाश सोनेकर, जी. आनंद राव, डीके तुली सहित अन्य अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।





















# 200 घोड़ों के साथ एक्शन सीन और 500 डांसर संग एक सॉन्ग शूट

## वेलकम 3 के 2 बड़े शेड्यूल पूरे

**अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, परेश रावल, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, लारा दत्ता और दिशा पटानी स्टारर कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल पर तेजी से काम चल रहा है। बीते दिन खबर आई थी कि संजय दत्त ने फिल्म से किनारा कर लिया है। फिलहाल मेकर्स ने इसकी पुष्टि नहीं की है।**

**इस बीच फिल्म वेलकम 3 को लेकर एक और बड़ा अपडेट सामने आया है। गौरतलब है कि फिल्म की शूटिंग मुंबई में चल रही है और यहां दो शेड्यूल निपटा दिए गये हैं।**

रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म वेलकम 3 के डायरेक्टर और कोरियोग्राफर अहमद खान ने मुंबई शेड्यूल में 200 घोड़ों के साथ एक एक्शन सीन शूट किया है, जिसमें सभी स्टार्स भी मौजूद हैं और वहीं एक गाना भी शूट किया है, जिसमें एक्टर्स के पीछे 500 बैक डांसर नजर आएंगे।

फिरोज नाडियाडवाला इस फिल्म प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म फुल ऑफ एक्शन कॉमेडी फिल्म होने जा रही है। जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में 25 से ज्यादा एक्टर्स नजर आएंगे और हाल ही में फिल्म में आफताब शिवदसानी की भी एंट्री हुई है। बता दें, फिल्म को क्रिसमस 2024 के पास रिलीज करने का प्लान है और ऐसे में फिल्म पर तेजी से काम चल रहा है।

बता दें, अक्षय कुमार और अरशद वारसी इन दिनों अपनी फिल्म जॉली एलएलबी 3 की भी शूटिंग में बिजी हैं। दोनों ही एक्टर को राजस्थान में शूटिंग करते स्पॉट किया गया था। इसी के साथ अक्षय-अरशद फिल्म वेलकम 3 पर भी काम कर रहे हैं।




# औरों में कहां दम था का टीजर जारी

## अजय देवगन और तब्बू की खूब जमी जोड़ी

***अजय देवगन इन दिनों अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच अभिनेता की एक और नई फिल्म औरों में कहां दम था को लेकर नया अपडेट सामने आ गया है। आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। पोस्टर के साथ ही उन्होंने टीजर की रिलीज के बारे में भी खुलासा किया है। औरों में कहां दम था में अजय देवगन और तब्बू मुख्य भूमिका में हैं। नीरज पांडे निर्देशित इस फिल्म के साथ दोनों दसवीं बार एक साथ काम कर रहे हैं।***

औरों में कहां दम था फिल्म 23 साल की अवधि में फैली एक महाकाव्य संगीतमय रोमांटिक ड्रामा है। यह 2000 से 2023 के बीच सेट है। फिल्म के पहले पोस्टर में अजय देवगन नजर आ रहे हैं। हालांकि, पोस्टर में उनका लुक नहीं दिखाया गया है। इसमें अजय की पीठ दिखाई दे रही है, जिससे पता चलता है कि यह अजय ही हैं, लेकिन उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। उन्हें चश्मा पहने देखा जा सकता है।

इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म के टीजर की भी जानकारी दी। पोस्टर में बताया गया की औरों में कहा दम था का टीजर आज यानी 31 मई को दोपहर एक बजे रिलीज किया जाएगा। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्टर शेयर करते हुए अजय देवगन ने लिखा, एक महाकाव्य प्रेम कहानी अपने रास्ते पर है। औरों में कहां दम था का टीजर आज रिलीज होगा। फिल्म सिनेमाघरों में 5 जुलाई, 2024 को रिलीज होगी।

वहीं फिल्म के कलाकारों की बात करें तो अजय देवगन और तब्बू के अलावा औरों में कहां दम था में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म को शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक के पैनोरमा स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है।

वहीं अजय देवगन की आने वाली फिल्मों की बात करें तो अभिनेता की आखिरी फिल्म मैदान थी। यह बायोग्राफिकल फिल्म भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच और मैनेजर सैयद अब्दुल रहीम के वास्तविक जीवन से प्रेरित थी, जिन्हें भारतीय फुटबॉल का आर्किटेक्ट भी माना जाता है। मैदान ने वैश्विक स्तर पर 71.52 करोड़ की कमाई की। वहीं अब अजय देवगन फिल्म निर्देशक और निर्माता रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन के निर्माण में भी व्यस्त हैं। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को रिलीज होगी।



# 10,000 लोगों के साथ शूट हुआ कंगुवा का वॉर सीन, सूर्या-बॉबी होंगे आमने-सामने




तमिल फिल्मों के सुपरस्टार सूर्या अपनी अगली फिल्म कंगुवा से चर्चा में हैं। फिल्म कंगुवा इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें बॉबी देओल विलेन का रोल प्ले करने जा रहे हैं। एनिमल की सक्सेस के बाद बॉबी को इस फिल्म में रोल मिला है। कंगुवा के पोस्टर और टीजर ने पहले ही सूर्या के फैंस की फिल्म के प्रति एक्साइटमेंट बढ़ा चुके हैं। यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें सूर्या और बॉबी के बीच जंग छिड़ेगी। अब फिल्म कंगुवा से बड़ी अपडेट सामने आई है।

अब फिल्म से जुड़ी आई अपडेट में सामने आया है कि फिल्म में एक सीन में सूर्या ने 10 हजार लोग के साथ शूट किया है। यह एक वॉर एक्शन सीन है, जिसमें भरपूर एक्शन और स्टंट नजर आने वाले हैं। यानि इस सीन में अब खून की नदिया बहने वाली हैं। इस फिल्म को स्टूडियो ग्रीन बना रहा है। यह एक वॉर थीम फिल्म है, जिसमें साउथ सिनेमा का नया फिल्म मेकिंग एक्सपीरियंस देखने को मिलेगा और साथ ही दर्शकों का भरपूर्ण मनोरंजन होने वाला है।

फिल्म की कहानी दो टाइम पीरियड में सेट है, जो पूरी फिल्म में एपिक वॉर का अनुभव कराएगी और दूसरी तरफ एक आम इंसान की लाइफ को दर्शाएगी। वहीं, फिल्म के एक्शन सीन को काफी दमदार और इंप्रेसिव बनाने के लिए इसमें 10 हजार लोगों को जोड़ा गया है। कमाल की बात यह है कि इसे विदेशी फिल्ममेकर एक्सपर्टिज और बड़े-बड़े सेट के साथ तैयार किया गया है। फिल्म कंगुवा को तमिल फिल्मों के डायरेक्टर सिवा बना रहे हैं।

बता दें, फिल्म की अभी रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन फिल्म साल 2024 में ही रिलीज होने जा रही है। फिल्म में सूर्या और बॉबी देओल पहली बार साथ में नजर आने वाले हैं। सूर्या इन दिनों अपनी फिल्म श्रीकांत से चर्चा में हैं, जिसमें राजकुमार राव अहम रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म में राजकुमार राव नौजवान उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला का रोल कर रहे हैं। फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो चुका है।

# चिलचिलाती धूप से आने के कितने देर बाद पीना चाहिए पानी जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी जाती है, लेकिन यह पानी आपको एकदम सही समय पर और सही तरीके से पीना चाहिए। नहीं तो गर्मी में ठंडा पानी पीने से ये आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। जी हां, गर्मियों के मौसम में बाहर से आने के बाद अगर आप ठंडा पानी पी लेते हैं, तो इससे सेहत को कई गंभीर नुकसान पहुंच सकते हैं और यह आपके ब्रेन पर भी असर डाल सकता है। ऐसे में चिलचिलाती धूप से आने के कितने समय बाद आपको पानी पीना चाहिए और कैसे आइए हम आपको बताते हैं।

## धूप से आने के कितने देर बाद पिएं पानी

अगर आप गर्मी में तेज धूप से आए हैं, तो घर पर तुरंत आने के बाद कभी भी पानी नहीं पीना चाहिए। आप 5-10 मिनट के लिए बैठे, उसके बाद पानी पिएं। लेकिन यह पानी भी आपको नॉर्मल पानी ही पीना चाहिए, अगर आप बहुत ज्यादा ठंडा पानी पी लेते हैं तो इसे ठंडा गरम हो सकता है और लू लगना, बदहजमी होना, पेट दर्द होना, उल्टी, चक्कर आना जैसी समस्या भी हो सकती है। ऐसे में आपको धूप से आने के बाद नार्मल पानी ही पीना चाहिए, जिससे आपकी बॉडी का टेंपरेचर एकदम से चेंज ना हो। अचानक बहुत गर्मी से नार्मल टेंपरेचर में आकर जब आप एकदम ठंडा पानी पी लेते हैं तो यह सर्दी जुकाम और बुखार का भी कारण बन सकता है।



## गर्मी में कितना पानी पिएं

अक्सर लोगों का सवाल आता है कि हमें एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए कोई 4 लीटर पानी, तो कोई 5 लीटर पानी पीने की सलाह देता है। लेकिन गर्मियों में आपको हाइड्रेटेड रहने के लिए दिन में कम से कम 3 से 4 लीटर पानी पीना चाहिए। इसके अलावा ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए जिसमें पानी की मात्रा ज्यादा हो और हेल्दी डाइट लें। गर्मियों के मौसम में इन्फेक्शन का खतरा भी बहुत ज्यादा बढ़ जाता है, ऐसे में आप अपने वाटर लेवल को बैलेंस रखें, गंदा पानी न पिएं, घर का साफ स्वच्छ पानी पिएं और बाहर के नींबू, शिकंजी, गन्ने के रस से परहेज करें, क्योंकि यह भी बदहजमी और पेट संबंधी शिकायत पैदा कर सकता है। खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी है लेकिन यह जानना भी जरूरी है की जरूरत से ज्यादा पानी पीना भी सेहत को नुकसान कर सकता है।



# इंटरनेट पर छाया नेहा शर्मा का बॉसी लुक

## किलर फोटोज देख यूजर्स के उड़े होश

बी-टाउन की खूबसूरत हसीना नेहा शर्म अक्सर अपने स्टाइलिश लुक्स के कारण इंटरनेट पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने अपना लेटेस्ट सिजलिंग फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का लेटेस्ट बॉसी लुक देखकर फैंस भी अपने दंग रह गए हैं।

एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने एक बार फिर से अपने बोल्ड लुक्स से फैंस के बीच लाइमलाइट लूट ली है। उन्होंने अपने गॉर्जियस अंदाज से सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस आहें भरते नजर आ रहे हैं। नेहा शर्मा की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने कातिलाना निगाहों से पोज देते हुए फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं।

एक्ट्रेस ने अपने इस फोटोशूट के दौरान लाइट ग्रे कलर का कोट-पैंट पहना हुआ है, जिसमें उनका बॉसी लुक दिखाई दे रहा है। साथ ही फैंस उनके इस लुक पर कॉमेंट्स की बौछार करते नहीं थक रहे हैं। नेहा शर्मा ने अपने आउटलुक को और भी शानदार तरीके से निखारने के लिए बालों को स्ट्रेट, लाइट मेकअप और कानों में इयररिंग्स पहने हैं। बताते चलें चाहे वेस्टर्न हो या फिर एथनिक एक्ट्रेस अपने हर एक लुक में बवाल लगती हैं। उनका हर एक स्टाइल फैंस के बीच आते ही ट्रेंड करने लगता है। नेहा शर्मा का नाम बॉलीवुड इंडस्ट्री की हॉट और फिट एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल है। बता दें कि नेहा अपनी हर एक अदाओं से फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं।

# सफेद दीवारें हो गई हैं गंदी तो इन आसान तरीकों से उन्हें करें साफ

सफेद दीवारें घर को सुंदर और खुला दिखाती हैं, लेकिन ये जल्दी गंदी हो जाती हैं। कुछ आसान और घरेलू उपायों से आप सफेद दीवारों को बिना ज्यादा मेहनत के साफ कर सकते हैं। न आसान तरीकों से आप अपनी सफेद दीवारों को साफ और चमकदार बना सकते हैं आइए जानते हैं यहां पांच तरीके को :-

**डिश सोप से दीवारें साफ करें:** दीवारों को पहले डस्टर या माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछ लें। एक बाल्टी में गर्म पानी और दो स्कूप डिश सोप मिलाएं। स्पंज या माइक्रोफाइबर कपड़े को पानी में डुबोकर दीवारों को गोलाकार गति में रगड़ें। साफ पानी से दीवारों को पोंछकर सुखा लें।

**बेकिंग सोडा से धुएं के दाग हटाएं:** दीवारों को साफ कपड़े से पोंछ लें। एक बाल्टी में आधा गर्म पानी और 1/2 कप बेकिंग सोडा मिलाएं। इस घोल को दीवार पर लगाएं और 20-25 मिनट बाद पोंछ लें। फिर गुनगुने पानी से दीवारों को साफ करें।

**ब्लीच का इस्तेमाल करें:** डिश सोप और पानी से दीवारों को पहले साफ करें। एक भाग ब्लीच को चार भाग पानी में मिलाएं। दाग लगे हिस्सों को इससे पोंछें। ब्लीच का इस्तेमाल करते समय दस्ताने पहनें और बच्चों को दूर रखें।

**पेंट को सुरक्षित रखें :** दीवारों को साफ करते समय अब्रेसिव स्क्रब और हार्ड क्लीनिंग एजेंट का इस्तेमाल न करें। दीवारों को तेज रगड़ें नहीं। इन तरीकों से आप सफेद दीवारों को बिना पेंट हटाए साफ रख सकते हैं।

**साफ दीवारों को बनाए रखें:** दीवारों को रोजाना रूप से डस्टर या माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछें। समय-समय पर डिश सोप और बेकिंग सोडा से दीवारों को साफ करें। इस तरह आप दीवारों को लंबे समय तक साफ और सुंदर रख सकते हैं।



## खास खबर

### समितियों में खाद बीज भंडारित है, किसान शीघ्र करें उठाव - कलेक्टर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में कृषि, सहकारिता, बीज निगम, मार्कफेड की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सहकारी समिति के प्रबंधक, जिले के कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे। बीज निगम के अधिकारी ने बताया कि जिले में 15 हजार 964 क्विंटल बीज उपलब्ध है। बैठक में कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू ने कहा कि जिले के सभी समितियों में खाद बीज का भंडारण किया जा चुका है। सभी किसान खाद बीज का शीघ्र उठाव करें। साथ ही प्रबंधक और कृषि विस्तार अधिकारी गांवों में समिति से खाद बीज के उठाव के लिए मुनादी कराएं और इस कार्य को शीघ्र करने के लिए सभी किसानों को प्रेरित करें। बैठक में श्री साहू ने कहा कि प्रबंधक और कृषि विस्तार अधिकारी अपने से संबंधित किसानों का एक व्हाटसअप ग्रुप भी बना सकते हैं और जरूरी कृषि से संबंधित खाद बीज एवं अन्य किसानों से जुड़े लाभ का संदेश भी ग्रुप में प्रसारित कर उनको जानकारी दे सकते हैं। श्री साहू ने मार्कफेड अधिकारी श्री मनोज यादव को कहा कि डिमांड के आधार पर खाद का भंडारण समितियों में कराएं। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी समितियों से क्रमवार खाद बीज के भंडारण और वितरण के संबंध में जानकारी ली और जिन समितियों के भंडारण वितरण में कमी पायी उनसे जुड़े अधिकारियों और प्रबंधकों को शीघ्र कार्य करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि खाद बीज के संबंध में कमी या शिकायत अपने नजदीकी समिति प्रबंधक कृषि विस्तार अधिकारी या जिला कृषि कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### 4 जून को मतगणना, तैयारियां अंतिम चरण में

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए 4 जून को मतगणना होनी है। रायगढ़ जिले की विधानसभाओं की मतगणना केआईटी गढ़उमरिया रायगढ़ में होगी। जहां तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने आज केआईटी का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया व जरूरी दिशा-निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम भी इस दौरान साथ रहे। कलेक्टर गोयल ने तेज गर्मी को देखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मतगणना कक्ष में पर्याप्त संख्या में विंडो कूलर लगाने, साथ ही पीने के पानी और ओआरएस, शरबत इत्यादि की व्यवस्था करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने शौचालय की साफ-सफाई और पानी की लगातार आपूर्ति के लिए निर्देशित किया। इसके लिए पर्याप्त संख्या में मैन पावर लगाने के निर्देश आयुक्त नगर निगम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए। पार्किंग स्थल में भी नल से पानी सप्लाई के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर गोयल ने परिसर में गणना में लगे अधिकारी-कर्मचारियों, अभ्यर्थियों व गणन अभिकर्ताओं के प्रवेश के लिए निर्धारित मार्गों में सुरक्षा जांच व बेरीकेडिंग सहित जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। पोस्टल बैलेट के गणना के लिए कक्ष में प्रवेश हेतु अलग से मार्ग निर्धारित किया गया है, वहां भी सारी व्यवस्थाएं पूरी करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री गोयल ने कर्मचारियों को समय से उपस्थित होकर अपना स्थान ग्रहण कर लेने के लिए निर्देशित किया।

### कलेक्टर ने छुरा विकासखंड के विभिन्न गांवों के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने छुरा विकासखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम खरखरा में जल जीवन मिशन के तहत बनाये गये पानी टंकी का निरीक्षण इस दौरान उन्होंने कहा कि शेष कार्यो को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि में पूरा करे। उन्होंने उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घरों को शुद्ध पेयजल पर्याप्त मात्रा में पहुंचे इसके लिए पाइप लाइन बिछाने के कार्य में प्रगति लाए। इस दौरान कलेक्टर ने मनरेगा के तहत बनाये गए स्वसहायता समूह भवन निर्माण कार्य का अवलोकन कर टाइल्स लगाने, रंग-रोगन करने एवं परिसर को साफ-सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने खरखरा के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर समय पर खुलने की जानकारी ली। साथ ही शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूल के रंगाई-पुताई, जीर्णोद्धार सहित अन्य कार्य की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को स्कूल खुलने के पहले पूरा कराने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में बारिश के पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरखरा जलाशय में बारिश के समय जलभराव एवं वर्तमान स्थिति में पानी की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान के तहत रवेली-जरगांव से खपरापारा एवं रवेली से कमारटोला मार्ग में चल रहे सड़क निर्माण कार्यो का अवालेकन किया। यहां के निवासियों को बारिश से पूर्व आवागमन के लिए पक्की सड़क मिल सके।

# निवेश ही नहीं रोजगार पर भी अदाणी का जोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अपनी डिग्री पूरी करने के बाद अपने सपनों की नौकरी पाना एक ऐसी चीज है जिसकी आप में से लगभग सभी ने चाहत की होगी। लेकिन आज की दुनिया में एक अच्छी नौकरी पाना सिर्फ़ शिक्षा और अनुभव से कहीं ज़्यादा है। मौजूदा कॉर्पोरेट क्षेत्र में रोज़गार पाने के लिए आपको एकेडमिक्स से आगे बढ़कर कुछ एम्प्लॉयमेंट स्किल हासिल करने की ज़रूरत है। आपको यह नहीं सोचना चाहिए कि नौकरी में आपकी भूमिका से जुड़े टेक्निकल स्किल और सॉफ्ट स्किल्स ही महत्वपूर्ण हैं। मुद्दा यह है कि प्रतिस्पर्धी कॉर्पोरेट दुनिया में आगे बढ़ने के लिए सॉफ्ट स्किल्स तकनीकी जानकारी होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना एकेडमिक्स।



### 20 सालों में भारत में बेरोजगारी 30 फीसदी बढ़ी

भारत सबसे ज्यादा युवा आबादी वाले देशों में से एक है और इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़े लाभ के रूप में देखा जाता है लेकिन साल 2024 की अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट में इस बात को लेकर चिंता जताई गई है कि अधिकतर युवाओं में जरूरी स्किल की कमी है। हालांकि, रोजगार की स्थिति सूचकांक के अनुसार, पिछले कुछ सालों में रोजगार की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ है। हालाँकि, कोविड-19 महामारी ने रोजगार की स्थिति में चुनौतियों को उजागर किया। 'द इंडिया इंपलॉयमेंट रिपोर्ट 2024' के मुताबिक पिछले करीब 20 सालों में भारत में युवाओं के बीच बेरोजगारी लगभग 30त्न बढ़ चुकी है। भारत युवा रोजगार के मामले में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है क्योंकि आबादी का एक बड़ा हिस्सा कामकाजी आयु वर्ग में आता है, इसलिए भारत को जनसांख्यिकीय लाभांश से फायदा मिल सकता है। इस मामले में बढ़त लेने की जरूरत है।

### कॉर्पोरेट क्षेत्र में युवाओं को मिल रहें है बेहतर मौके

अदाणी समर इंटर्न प्रोग्राम ङ्क 2024 एक ऐसा मौका है जहां युवाओं के सपने आकार ले रहें हैं। इस साल अदाणी ने देश भर में 87 इंटर्न को काम पर रखा है। सख्त सिलेक्शन प्रोसेस और 70 पैनलिस्टों के 800 घंटे की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ 22 कॉलेजों के तीन हजार से ज्यादा कैंडिडेट में से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को रोजगार देने का प्रयास किया गया है। इस साल 10त्न आवेदकों की भर्ती की गई है। पीजी डिग्री के साथ 10 कार्यात्मक क्षेत्रों में ट्रेनी नियुक्त किए गए है। साल 2024 के बैच में 71 इंजीनियर और 16 गैर-इंजीनियर हैं। कंपनी के मुताबिक, इस साल देश भर के 22 राज्यों से कैंडिडेट आए हैं। इससे उन्हें अपने विचार साझा करने और अगले 2 महीनों के लिए चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं पर काम करने के नए तरीके सीखने में भी मदद मिलेगी। 9 आईआईएम से 37 इंटर्न को नियुक्त किया है। अहमदाबाद में 61 ट्रेनी हैं इसके अलावा 26 गुड़गांव, मुंबई, चेन्नई, मुंद्रा, अमेठा और पाटली में काम करेंगे। जिससे उन्हें सभी बिजनेस की समझ होगी और जमीनी स्तर पर प्रबंधकों से जुड़े रह सकेंगे। अदाणी समर इंटर्न की ऑनबोर्डिंग में साल 2024 में 92 को ट्रेनी को हायर किया है और 2023 में 150 ट्रेनी को काम पर रखा गया था।

### राज्यों में निवेश बढ़ाएगा क्षेत्रीय रोजगार

अदाणी समूह ने साल 2030 तक के लिए 2.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्लान बनाया है। समूह यह पैसा गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु समेत कई राज्यों में खर्च करने वाला है। इसके अलावा बिहार में 8,700 करोड़, मध्य प्रदेश में 75 हजार करोड़ और तेलांगना में सरकार डाटा सेंटर, एयरोस्पेस पार्क और इंडस्ट्री स्थापित करने के लिए 12 हजार 400 करोड़ निवेश करेगा। वित्तीय वर्ष 2024 में बंदरगाह, ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्र तक फैले अपने कारोबार में 1.2 लाख करोड़ रुपये (लगभग 14 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करने की योजना है। समूह ने अगले 7-10 वर्षों में कारोबार बढ़ाने के लिए अपने निवेश पूर्वानुमान को 100 अरब डॉलर से बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले इस बार साल 2024-25 के लिए अनुमानित कैपिटल एक्सपेंडिचर 40त्न ज्यादा है।

# 4 जून को होगा एक नया सवेरा: राहुल गांधी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश में 57 लोकसभा सीटों के लिए शनिवार को मतदान हो रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर इंडिया ब्लॉक की सरकार बनने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि 4 जून को एक नया सवेरा होने वाला है। आज लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का अंतिम दौर है। गौरतलब है कि शनिवार को मतदान समाप्त होने के उपरांत वोटिंग प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती होगी।



राहुल गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अब तक के रुझानों से स्पष्ट है कि देश में इंडिया की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से कहा, मुझे गर्व है कि झुलसा देने वाली गर्मी में भी आप सभी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए वोट देने निकले हैं। आज भी बड़ी संख्या में बाहर निकल कर अहंकार और अत्याचार का प्रतीक बन चुकी इस सरकार पर अपने वोट से अंतिम प्रहार ज़रूर कीजिए। 4 जून का सूरज देश में एक नया सवेरा लाने जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि आज चुनाव का आखिरी चरण है और अब तक यह साफ हो चुका है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से कहा, आपकी अधिक से अधिक भागीदारी इंडिया को और ज्यादा मजबूत बनाएगी। अपने अनुभव के आधार पर, अपने विवेक से, अपने मुद्दों पर भारी से भारी संख्या में मतदान करें। अपने संविधान, अपने लोकतंत्र के लिए मतदान करें और एक ऐसी सरकार बनाएं जो सिर्फ आपके लिए काम करे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी मतदाताओं से अपील में कहा, लोकतंत्र के इस महापर्व में देश आज आखिरी चरण में मतदान कर रहा है। आप सभी से निवेदन है कि भारी संख्या में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल ज़रूर करें। खुद भी वोट डालने जाएं और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी साथ लेकर जाएं। तानाशाही हारेगी, लोकतंत्र जीतेगा। अरविंद केजरीवाल पिछले कुछ दिनों से लगातार पंजाब में प्रचार कर रहे हैं। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर आज एक साथ मतदान हो रहा है। गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए 1 जून तक की जमानत मिली थी और 2 जून को उन्हें सरेंडर करना है। बैठक में ये भी फैसला लिया गया कि टीवी पर एग्जिट पोल की बहस में सभी इंडिया गठबंधन की पार्टियां हिस्सा लेंगी। पहले गठबंधन ने इन चर्चाओं में शामिल होने से इनकार किया था।कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा ने कहा, %एग्जिट पोल्स की बहस में भाग लेने के पक्ष और विरोध के तमाम पहलुओं पर चर्चा के पश्चात सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि गठबंधन के तमाम सदस्य दल एग्जिट पोल्स की बहस में हिस्सा लेंगे। बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, संजय सिंह और राघव चड्ढा शामिल हुए। इसी तरह राष्ट्रीय जनता दल से तेजस्वी यादव और संजय यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, नेशनल कॉन्फ्रेंस से फारूख अब्दुल्ला, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई(एम) से सीताराम येचुरी, शिवसेना (उद्धव गुट) से अनिल देसाई आदि नेता भी शामिल हुए।

## बिजली की उच्च मांग को देखते हुए ऊर्जा संयंत्रों के पास पर्याप्त कोयला मौजूद : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भीषण गर्मी के बीच बिजली की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए ताप विद्युत ऊर्जा संयंत्रों के पास 19 दिन तक उत्पादन जारी रखने लायक कोयला मौजूद है। कोयला मंत्रालय ने शनिवार को ये जानकारी दी।

हीट वेव के चलते पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसके कारण भारत में ऊर्जा की मांग अब तक के उच्चतम स्तर 250 गीगावाट पर पहुंच गई है।

ऐसे में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए सरकार ऊर्जा संयंत्रों को निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। इसके कारण बिजली उत्पादन के लिए पर्याप्त कोयला ऊर्जा संयंत्रों के पास मौजूद है। मंत्रालय ने कहा कि ताप विद्युत ऊर्जा संयंत्रों के पास 45 मीट्रिक टन से ज्यादा का कोयले का भंडार मौजूद है, जो कि पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत ज्यादा है। इस कोयले की मदद से आसानी से 19 दिनों बिजली की मांग को पूरा किया जा सकता है।

मई के महीने में ताप विद्युत ऊर्जा संयंत्रों में करीब 10,000 टन प्रति दिन की कोयले की खपत है।

कोयले के उत्पादन में सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। खदानों में 100 मीट्रिक टन से ज्यादा का स्टॉक पड़ा हुआ है। इसके कारण ऊर्जा के उत्पादन के लिए पर्याप्त कोयला उपलब्ध है।

रेल मंत्रालय की ओर से भी रेलवे रेक्स की प्रतिदिन उपलब्धता में 9 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित की गई है। मंत्रालय ने कहा, पहले के समय में कोयला का परिवहन केवल पारादीप पोर्ट से ही किया जाता था, लेकिन सरकार की कोल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी के तहत अब धामरा और गंगावरण पोर्ट पर भी कोयला आ रहा है। मंत्रालय ने आगे बताया कि मानसून सीजन को देखते हुए भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और 42 मीट्रिक टन से ज्यादा कोयला भंडारण में रखा जाएगा।

## बदला मौसम का मिजाज, धूल भरी आंधी के साथ बूंदाबांदी से मिली राहत



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली-एनसीआर में शनिवार शाम से ही तेज हवा के साथ धूल भरी आंधी और बूंदाबादी का सिलसिला शुरू हो गया है। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। गनीमत रही कि दिल्ली और नोएडा, दोनों जगहों पर शनिवार को पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार नहीं गया है। दिल्ली के कई इलाकों में पारा 45 डिग्री ही दर्ज किया गया है।

आईएमडी ने अपनी वेबसाइट पर जारी आंकड़ों में बताया है कि शनिवार को बादल छाए रहेंगे और धूल भरी आंधी के साथ तूफान आ सकता है। हल्की बारिश की संभावना भी जताई गई है। दिल्ली-एनसीआर में भीषण गर्मी शनिवार सुबह भी जारी रही थी। लेकिन, शाम होते-होते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन, हीटवेव का असर लगातार जारी है। आने वाले दिनों में मौसम विभाग ने धूल भरी आंधी के साथ तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की है।

मौसम विभाग के मुताबिक 3 जून तक हीटवेव का असर देखने को मिलेगा। दिल्ली में शनिवार को दर्ज किए गए आंकड़ों के मुताबिक मुंगेशपुर में अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इसके अलावा पूसा में 40.3, अलीपुर में 43.9, अशोक विहार और बवाना में 43.8 डिग्री, जहांगीरपुरी में 44.4, द्वारका सेक्टर-8 में 44.1, आरके पुरम में 44.9 के अलावा विवेक विहार में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

शनिवार को ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग ने अलर्ट में कहा है कि रविवार को भी हल्के बादलों के साथ अधिकतम तापमान 45 डिग्री के आसपास बना रहेगा। इस दौरान तेज हवाएं और तूफान के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक 3 जून के बाद लोगों को हीटवेव का सामना नहीं करना पड़ेगा। मौसम में भी बदलाव देखने को मिलेगा, जिसके चलते अधिकतम तापमान में कमी आएगी और लोगों को गर्मी से निजात मिलेगी। गौरतलब है कि एनसीआर में भीषण गर्मी के साथ हीटवेव का कहर जारी है।

# नोएडा में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी, शेयर बाजार में निवेश के नाम पर साफ किए 9 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** शेयर बाजार में निवेश करने पर करोड़ों का मुनाफा होने की बात कहकर साइबर जालसाजों ने नोएडा के एक व्यक्ति से 9 करोड़ 9 लाख रुपए की ठगी कर ली। ऐप डाउनलोड कराकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया। ठगी की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है।

कुल 13 बार में ठगों ने पीड़ित से रकम ट्रांसफर कराई। किसी एक व्यक्ति के साथ शेयर ट्रेडिंग में यह शहर में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी बताई जा रही है।

ठगी रजत बोथरा नाम के व्यक्ति के साथ हुई है, जो नोएडा के सेक्टर- 40 में रहते हैं। साइबर थाने में यह मामला दर्ज हो चुका है और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

साइबर ठगी से पीड़ित रजत बोथरा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि 28 अप्रैल को उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में ऐड किया गया। उस ग्रुप में शेयर ट्रेडिंग के मुनाफे के बारे में बताया जाता था और एक लिंक भेजा गया, जिस



पर क्लिक करने और कई स्टेप्स फॉलो करने के बाद उनके मोबाइल में एक ऐप डाउनलोड हो गया। ऐप का नाम जीएफएसएल सिक्योरिटीज ऑफिशियल स्टॉक सी 80 था।

ऐप में शेयर मार्केट में होने वाले मुनाफे के बारे में बताया गया था, जिसके बाद राजीव बोथरा ने अपने खाते से 9.09 करोड़ ट्रांसफर कर दिये। राजीव ने ये रकम कुल तेरह बार में ट्रांसफर की।

ट्रांसफर के दौरान राजीव ने कई बार बीच में ही पैसे को विथड्रॉ करने की कोशिश की, लेकिन पैसा नहीं निकल पाया। जिस ऐप के जरिए राजीव ने ये इन्वेस्टमेंट की वो एप्लीकेशन पैसे निकालने की अनुमति नहीं दे रहा था। इसके बाद राजीव को शक हुआ। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

राजीव ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि उन्हें जब शक हुआ कि उनको साइबर ठगों द्वारा फर्जी वेबसाइट लिंक और एप्लीकेशन तैयार कर शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर ठग लिया गया है, तो उन्होंने पैसे विथड्रॉ करने की कोशिश की, लेकिन एप्लीकेशन ने परमिशन नहीं दी।

राजीव ने 29 मई को एनसीआरपी पोर्टल पर घटना की शिकायत भी दर्ज करा दी। इसके बाद पुलिस ने देखा कि यह मामला काफी बड़ा है तो उन्हें बुलाकर एफआईआर दर्ज की गई।

फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है और कोशिश की जा रही है कि उन सभी बैंक अकाउंट को फ्रीज किया जाए जिसमें यह पैसा ट्रांसफर हुआ है।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरन उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# भीषण गर्मी के बीच ट्रेन के AC कोच में खराबी बिलासपुर स्टेशन पर यात्रियों ने की चेन पुलिंग

### ट्रेन रोक जमकर मचाया हंगामा, रात 12 बजे ट्रेन को किया रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर में शनिवार को सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन (03253) की AC खराब होने को लेकर यात्रियों ने जमकर हंगामा मचाया। यात्रियों ने बिलासपुर से पहले स्टेशनों में चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी और सुधार करने की मांग की। वहीं रात 12 बजे ट्रेन को रवाना किया गया। दरअसल, गर्मी में भीड़ को कम करने के लिए रेलवे ने सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी है। ट्रेन जब सिकंदराबाद से छूटी तब दो कोच के एसी खराब थे। प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने के बाद B-4 कोच और A-1 कोच के एसी ने काम करना बंद कर दिया। यात्रियों ने उसी समय टीटीई को सूचना दी। वहां से आगे के स्टेशन में सुधार होने की बात कहकर ट्रेन को रवाना कर दिया गया।



#### बिना एसी के ट्रेन में सफर करते रहे यात्री

सिकंदराबाद से बिलासपुर तक इसी तरह यात्री परेशान रहे। पूरा दिन और रात यात्री बिना एसी के ट्रेन में सफर करते रहे। लेकिन, किसी भी स्टेशन में उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं बिलासपुर से पहले स्टेशनों में चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी गई और सुधार करने की मांग की गई। यात्रियों से कहां गया कि बिलासपुर में कोच बदल दिए जाएंगे। वहीं बिलासपुर जोनल स्टेशन के प्लेटफार्म 2 पर जब ट्रेन आकर रुकी तो यात्रियों को पूरी उम्मीद थी कि यहां उन्हें राहत मिलेगी। लेकिन, बिलासपुर से भी बिना सुधार या कोच बदले ट्रेन को सिग्नल दे दिया गया, तो यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी। करीब सात आठ बार चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी गई। यात्री अड़ गए कि जब तक सुधार नहीं होगा ट्रेन आगे नहीं बढ़ेगी।

जोनल स्टेशन में स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो चुकी थी। यात्री कोई भी आश्वासन मानने को तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि अब ट्रेन तब जाएगी, जब दूसरा कोच लगाया जाएगा। इसी स्थिति में ट्रेन रवाना की गई। लेकिन, यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी। जितनी बार ट्रेन स्टार्ट होती और कुछ दूर आगे बढ़ती नाराज यात्री ट्रेन रोक देते।

इधर ट्रेन से लगभग 200 यात्री प्लेटफर्म में उतरे थे। उसके बाद भी ट्रेन रवाना करना रेलवे की लापरवाही को उजागर करती है। आरपीएफ से रेलवे के अन्य अधिकारी यात्रियों को समझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन, यात्री मानने को तैयार नहीं थे। देर रात हंगामा चलता रहा।

#### रेलवे बोर्ड तक करेंगे शिकायत

भड़के यात्रियों का कहना था कि रेलवे यात्रियों के साथ छल कर रही है। पूरा किराया वसूलने के बाद सुविधाएं नहीं देती। इस मामले की शिकायत रेलवे बोर्ड और रेलमंत्री से करने की बात उन्होंने कही। यहां भी शिकायत पर सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन तक करने की चेतावनी यात्रियों ने दी।

## खास खबर



### स्पा सेंटर संचालक पर युवती से रेप का आरोप : बिलासपुर में काम देने के बहाने किया दुष्कर्म

**बिलासपुर।** जिले में स्पा सेंटर चलाने वाले एक शख्स पर दिल्ली से काम करने आई युवती से रेप का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत व एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर स्पा सेंटर संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी स्पा सेंटर संचालक को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी विश्वजीत सेनगुप्ता (43) बिलासपुर के व्यापार विहार के पास ब्यूटी पार्लर और स्पा सेंटर चलाता है। कुछ समय पहले दिल्ली की 22 वर्षीय युवती काम की तलाश में यहां आई, तब विश्वजीत ने उसे काम पर रखा था। शुक्रवार रात विश्वजीत सेनगुप्ता स्पॉ सेंटर में था। आरोप है कि वहां काम निपटाने के बाद वह युवती को खाना खिलाने के बहाने ले गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन के पास होटल में दोनों ने खाना खाया। इसके बाद वह युवती को लेकर फिर स्पा सेंटर पहुंचा। स्पा सेंटर में मौका पाकर उसने धमकाते हुए दुष्कर्म किया। इसके बाद घटना की जानकारी किसी को देने पर काम से निकालने और बदनाम करने की धमकी भी दी। शुक्रवार रात से स्पा सेंटर संचालक शनिवार तड़के तक तक युवती के साथ रहा। सुबह करीब 5 बजे युवती स्पा सेंटर से बाहर निकली, जिसके बाद उसने सीधे डायल 112 को कॉल कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस उसे और आरोपी स्पा सेंटर संचालक विश्वजीत सेनगुप्ता को पकड़ कर थाने ले आई। इस दौरान युवती केस दर्ज कराने के लिए सुबह से लेकर दोपहर तक थाने में बैठी रही। थाना प्रभारी द्वारा केस दर्ज नहीं किया जा रहा था। इसके बाद इसकी जानकारी एसपी रजनेश सिंह को मिली उनके निर्देश पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### खड़ी एंबुलेंस में लगी आग, कड़ी मशक्कत से पाया काबू

**दुर्ग।** जिला अस्पताल परिसर में खड़ी एक एंबुलेंस में बीती रात आग लग गई। देर रात अचानक गाड़ी से आग की लपटें निकलने लगी। लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझी गाड़ी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी, हालांकि आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हुई है। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार-रविवार देर रात करीब 3 बजे उन्हें सूचना मिली थी कि जिला अस्पताल दुर्ग परिसर में खड़ी एक गाड़ी में आग लग गई है। तुरंत एक दमकल और टीम को रवाना किया गया। दमकल की टीम 3.42 बजे वहां पहुंच गई। टीम ने जाकर देखा तो वहां जिला अस्पताल की एक एंबुलेंस (मारुति वैन) में आग लगी हुई थी। वैन में आग इतनी बढ़ गई थी कि वो पूरी गाड़ी में फैल गई थी। गाड़ी आग का गोला बन गई थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत लोगों को वहां से दूर किया और पानी से आग को बुझाने का काम किया। टीम ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एक दमकल गाड़ी पानी की सहायता से आग पर काबू पाया और सुबह 4.30 बजे वहां से चली गई।

### युवक को पीटने वाले दो आरोपी पकड़े गए

**भिलाई।** थाना भिलाई-3 पुलिस ने युवक को कमरे में बंद करके मारपीट करने वाले तीन में से दो आरोपियों को पकड़ लिया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने से पहले उनका मार्केट में पैदल जुलूस निकाला। इसके बाद उन्हें जेल दाखिल किया। जबकि तीसरे आरोपी की अलग-अलग ठिकानों पर तलाश जारी है। थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि उमदा भाठापारा निवासी युवराज ठाकुर (20 वर्ष) से मारपीट की घटना 23 मार्च हो हुई थी। उस दौरान पीड़ित युवक आरोपी शुभम नंदी उर्फ बंगाली दादा, आयुष तिवारी और लावेश ठाकुर उर्फ लक्की से अधार में दिए अपने पैसे मांगने गया था। लेकिन तीनों आरोपियों ने युवराज पर उनकी मुखबीरी का आरोप लगाकर मारपीट शुरू कर दी। उससे 10 हजार रुपए की डिमांड करने लगे। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसका वीडियो भी बनाया था, जो बीते दिनों वायरल हुआ था। इस बीच प्रार्थी ने भी हिम्मत दिखाकर मामले में शिकायत दर्ज करा दी। तीनों के खिलाफ धारा 25, 27, 323, 342, 384, 506(बी) के तहत अपराध दर्ज हुआ था।

## चलती बस में लगी आग, अभनपुर के पास हादसा, बाल-बाल बचे 40 यात्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शनिवार को चलती बस आग लगने से हड़कंप मच गया। बस्तर से रायपुर की ओर आ रही बस अभनपुर के पास जलकर राख हो गई। बस में 40 यात्री सवार थे जिनकी बाल-बाल जान बची। आग लगने से बस कुछ ही देर में राख हो गई। हादसे में एक महिला यात्री के घायल होने की खबर है वहीं शेष सभी यात्री सुरक्षित हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बस्तर से रायपुर की ओर आ रही बस में आग लग गई। बताया जा रहा है कि भरी दोपहरी में बस कुरुद धमतरी के पास पहुंची तभी ओवर हीट के कारण रेडियेटर से धुआं सा उठ रहा था। हेल्पर ने बस को रोककर रेडियेटर में पानी डाला और फिर वहां से निकले। लगभग 11 बजे बस अभनपुर मोड़ पर पहुंची और देखते ही देखते बस में धुआं भरने लगा और आग लग गई।

बस में लगभग 40 यात्री सवार थे और सभी ने कूदकर अपनी जान बचाई। इस दौरान एक महिला को चोटें आई जिसे अस्पताल भेजा गया। इधर बस देखते ही देखते राख हो गई। मौके से फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचकर आग पर काबू पाता तब तक बस जल चुका था। आग बुझने के बाद बस का केवल स्ट्रक्चर ही खड़ा था। शुरुआती जांच में बस में आग की वजह ओवर हीटिंग बताया जा रहा है। गर्मी के कारण बस ज्यादा गर्म हो गई और इसके कारण आग लगी। समय पर यात्री बस से नहीं निकलते तो बड़ा हादसा हो सकता था।





## बिलासपुर में बेटे ने बुजुर्ग मां को मारा चाकू, घर के बंटवारे को लेकर विवाद

### बीच-बचाव करने आए छोटे भाई पर भी हमला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** जिले में अधेड़ ने घर का हिस्सा मांगते हुए अपनी बुजुर्ग मां पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए छोटे भाई को भी उसने चाकू मार दिया। इस हमले में उसकी मां और भाई घायल हो गए। घटना तोरवा थाना क्षेत्र की है।

स्वास्तिक अस्पताल के सामने रहने वाले डेनियल मसीह ने बताया कि, वह घर में अपनी मां सुकृता मसीह के साथ रहता है। वो आपस में तीन भाई हैं और सभी की शादी हो चुकी है। तीनों भाई अलग-अलग रहते हैं। डेनियल फर्नीचर की दुकान करता है। वहीं, उसका बड़ा भाई शैलेश मसीह देवरीडीह में रहता है। उसने बताया कि, गुरुवार को उसका बड़ा भाई शैलेश मसीह देवरीडीह से उसकी मां से मिलने आया। इस दौरान वह मां से मकान के ऊपर के कमरे को देने की मांग करने लगा। उसकी मां ने कहा कि अभी घर का हिस्सा नहीं हुआ है तो वो कैसे दे दे। इस पर शैलेश ने गाली-गलौज करते हुए चाकू निकालकर हमला कर दिया।



इस हमले में उसकी मां घायल हो गई। जिसके बाद वह बीच-बचाव करने आया, तब उसके बड़े भाई ने चाकू से हथियार चापड़ लेकर आ गया और फिर डेनियल पर हमला कर दिया। इस हमले में डेनियल के हाथ में चोट लगी है। दोनों मां-बेटे ने अस्पताल में इलाज कराने के बाद घटना की शिकायत तोरवा थाने में की है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## करंट से 13 साल के छात्र की मौत, कूलर में पानी डालते समय हुआ हादसा

**बिलासपुर।** बिजली करंट से 13 साल के छात्र की मौत हो गई। वह बिजली बंद होने पर कूलर में पानी डाल रहा था। इसी दौरान अचानक लाइट आ गई और वह करंट की चपेट में आ गया। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, जूना बिलासपुर किला वार्ड निवासी रविश पांडेय मीडिया कर्मी है। उनका बेटा पार्थ उर्फ शिवांश पांडेय सातवीं कक्षा में पढ़ता था। शनिवार की शाम रविश ऑफिस चला गया। इस दौरान उसकी पत्नी, बेटी और बेटा घर में थे। बताया जा रहा है कि घटना देर शाम करीब सात बजे की है। जिस समय शिवांश कूलर में पानी डाल रहा था, उस वक्त घर पर बिजली नहीं थी। इसी दौरान अचानक लाइट आ गई और वह पानी डालते समय करंट की चपेट में आ गया। उसकी मां ने देखा, तब वह जमीन में बेहोश पड़ा था। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया।



जिस समय शिवांश करंट की चपेट में आया, तब उसकी मां घर में संध्या आरती कर रही थी। दीपक जलाने के बाद अचानक उनकी नजर पड़ी, तब शिवांश कूलर के पास जमीन में बेहोश पड़ा था। उसे देखकर वह घबरा गई और आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी।

### अभी भी मालवाहन में कर रहे सफर, आरटीओ ने की चालानी कार्रवाई

## 19 मौतों के बाद भी नहीं सुधर रहे लोग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** जिले के पंडरिया विधानसभा के तहत कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपानी घाट में बीते माह 20 मई को पिकअप वाहन 30 फीट नीचे खाई में गिर गया था। हादसे में 19 आदिवासियों की मौत और 16 घायल हुए हैं। ये सभी ग्राम सेमरहा के रहने वाले है, जो जंगल से तेंदूपत्ता तोड़कर वापस अपने घर जा रहे थे। इतने बड़े हादसे के बाद अभी भी लापरवाही बरती जा रही है। लोग वर्तमान में भी पिकअप वाहन में सफर कर रहे हैं। हालांकि, जिले के आरटीओ द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

कबीरधाम आरटीओ एमएल साहू ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 45 मालवाहनों पर सवारी परिवहन करते वाहन, 21 यात्री बस परमिट शर्तों के उल्लंघन करते पाए गए, 23 बड़े और छोटे वाहन हाईवे किनारे खड़े थे। ऐसे वाहन मालिकों से 3 लाख 20 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। मोटरयान अधिनियम के तहत यह कार्रवाई हुई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। लोगों को सतर्क और सजग रहने की सलाह दी जा रही है, साथ ही मालवाहन में यात्री का परिवहन करने वाले सभी वाहनों पर कार्रवाई जारी है।



### डेढ़ लाख का इनामी नक्सली हुआ गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** गढ़चिरौली पुलिस ने जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पर डेढ़ लाख रुपए का इनाम था, जो मूलत: छग के नारायणपुर जिले का रहने वाला है। गढ़चिरौली पुलिस ने बताया कि पेरमिली जंगल क्षेत्र में फोर्स सर्च ऑपरेशन में जुटी हुई थी। तभी उन्हें जंगल में संदिग्ध रुप से घूमता व्यक्ति दिखा। जिसे पुलिस ने पकड़कर पूछताछ की। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान नक्सली सोमा उर्फ दिनेश मासा के रुप में हुई। जो नारायणपुर जिले का का रहने वाला है। नक्सली सोमा पर डेढ़ लाख रुपए का इनाम था, जो कई मुठभेड़ व ग्रामीणों की हत्या में शामिल रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। बता दें कि जनवरी 2022 से अब तक गढ़चिरौली पुलिस की टीम 79 नक्सलियों को गिरफ्तार कर चुकी है।
















## खास - खबर

### विधायक, महापौर द्वारा बारिश का पानी सहेजने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम द्वारा कैच द रेन:फाइट द बाइट अभियान चलाया इस दौरान वार्ड क्रमांक 59 स्थित सतनामी पारा के निकट डबरी तालाब की सफाई के लिए विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने तालाब में उतरकर सफाई की शुरुआत कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया. सफाई के बाद तालाब के चारों ओर पौधरोपण किया जाएगा. मौके पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,स्थानीय पार्षद शिवेंद्र परिहार,दीपक साहू,भोला महोविया,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद,करण करोसिया ,कुणाल,राहुल,सफाई दरोगा प्रदीप सोनी के अलावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व नागरिको सहित टीम अमला मौजूद रहें इस समय विधायक एवं महापौर ने वार्ड के लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील कटे हुए कहा कि अपने घर के साथ-साथ आसपास की भी नियमित रूप से सफाई करनी चाहिए। तालाबो एवम नालियों में कचरा न डालें। महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने जन्मदिन की शुरुवात डबरी तालाब की सफाई से की,उन्होंने अपने जन्मदिन पर सुबह कातुलबोड़ पहुँचकर डबरी तालाब की सफाई कर श्रमदान किया:आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जन सहभागिता विशेष कर नागरिको,समाज सेवी एवं युवाओं को जोड़कर साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना है। कैच द रेन:फाइट द बाइट के तहत नगर निगम ने अभियान चलाया। ये अभियान लगातार जारी रहेगा।

### भीषण गर्मी में अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट ने राहगीरों को पहुंचाई राहत

**दुर्ग।** ज़िले में भीषण गर्मी पांव पसारी हुई है। तापमान 45 डिग्री को पार करने को है। ऐसे में राहगीरों को गर्मी से राहत देने जगह-जगह ठंडे पेय पदार्थों का वितरण किया जा रहा है। इस कड़ी में अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट धमधा रोड दुर्ग ने भी भीषण गर्मी और नौतपे के प्रकोप से राहगीरों को राहत पहुंचाने 32 बंगले के पास संचालित प्याऊ घर में छाछ और राजगिरे के लड्डू का वितरण किया गया। इस सेवाभावी कार्य में छत्तीसगढ़ प्रांतीय संगठन और राम दरबार महिला समिति की महिलाओं ने भी योगदान दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन विजय अग्रवाल ने कहा कि ऐसे नेक कार्य करने का मक़सद अन्य संगठनों को भी इस ओर आकर्षित करना है, ताकि और भी लोग गर्मी में राहगीरों को राहत प्रदान करने के लिए और ठंडी का अहसास कराने के लिए इस तरह के अलग-अलग जगहों पर स्टाल लगाए। अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने महिला समिति की सेवा की प्रशंसा की और आगे भी इसी तरह के सहयोग करने की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है और निरंतर किसी न किसी रूप में मानव सेवा करने हमें संकल्पित रहना चाहिए। इस अवसर पर वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन विजय अग्रवाल,अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, उपाध्यक्ष कमलनारायण रुंगटा, तृप्ति अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, विजिया बंसल,स्वेता रुंगटा,नीलू रुंगटा, ऋतु रुंगटा, कविता रुंगटा, लता बंसल, प्रीति राजगढ़िया, आशा बंसल के अलावा समाज के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### नर्सिंग सिस्टर शोभना कुमार को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**दुर्ग।** जिला अस्पताल की नर्सिंग सिस्टर शोभना कुमार 37 वर्ष की शासकीय सेवा उपरांत 31 मई को सेवानिवृत्त हुई। उन्हें अस्पताल के टेलीमेडिसिन में आोयजित कार्यक्रम में विदाई दी गई। इस दौरान उनके सेवाभावी कार्यों की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी मेश्राम थे।अध्यक्षता सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू ने की। मंच संचालन शायनी मनोज ने किया। कार्यक्रम में आरएमओ डॉ. अखिलेश यादव, अस्पताल सलाहकार डॉ.ओपी वर्मा, मेट्रन सी बोरकर, मंजू राय, डी शिवहरे ,आशा भट्ट, ममता शर्मा,शायनी चेरियन, सरोज,यशोदा,अजय नायक,प्रमेश पाल , खिलावन भारती के अलावा अस्पताल के कर्मचारी शामिल हुए।

### गोवा में मिस इंडिया सुपर मॉडल शो में छाई छत्तीसगढ़ की मॉडल्स

# वर्षा, क्षमा, सुजैन, सामर्थ व काव्या जैन ने मारी बाजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। जेके सुपर मॉडल सीजन 3 मिस, मिसेज, मिस्टर और किड्स का आयोजन नॉर्थ गोवा होटल नीलम द ग्रैंड में जेके फाउंडेशन की ऑनर टी जया रेड्डी द्वारा शानदार आयोजन किया गया। इवेंट में मिस वर्षा मौर्य, मिसेज प्लस क्षमा बंजारे, मिसेज गोल्ड सुजैन खान, मिस्टर में सामर्थ शर्मा, किड्स में काव्या जैन विनर्स रहे। फार्स्ट रनर अप मिस बी जेसविता, मिसेज गोल्ड उमा कुशवाहा और मिसेज क्लासिक भावना नथवानी और मिस्टर में कुलदीप रहे।**




सेकंड रनर अप मिस सरिता कुशवाहा, मिसेज गोल्ड रूचि जैन, मिसेज क्लासिक पूजा महेश और मिस्टर में हर्ष सिंह राजपूत रहे। थर्ड रनर अप मिस श्वेता सिंह और सुमन बारा रहीं। मिसेज क्लासिक कैटेगरी में किरण रात्रे और मिस्टर में अतुल रहे।

इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में अभिनेत्री रितु शिवपुरी सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में उपस्थित रही। इवेंट के कॉर्डिनेटर मनोहर कृष्णानी ने कार्यक्रम के सह प्रायोजक वेदिका टाइल्स के सतीश अग्रवाल रहे। इसके अलावा जूरी में सोनम श्रीवास्तव, ममता प्रसाद, वीवी गांधीवी, सेलिब्रिटी एंकर गायक लकी तरार, वीआईपी अतिथि प्रीति त्रिपाठी, नेहा पटेल, सविता सिंह, सौरभ पांडे, गेस्ट ऑफ़ ऑनर कांति मौर्य, मीनू बिस्ट, कोमल सावलानी उपस्थित रहे।

जेके सुपरमॉडल सीजन 3 मिस इंडिया का कार्यक्रम में 28 मई को सभी को गोवा में सिटी टूर कराया गया। 29 मई को सुबह से बीच राउंड था जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपना भाग लिया उसके बाद 30 मई की सुबह स्विमिंग पूल राउंड किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने भाग लिया। शाम को 7:00 बजे फाइनल राउंड शुरू हुए। इसमें ट्रेडिशनल राउंड किया गया जोंकी इवेंट का तीसरा फाइनल राउंड था। उसके बाद टैलेंट राउंड और गाउन राउंड था। विजेताओं को सेलेब्रिटी गेस्ट रितु शिवपुरी के हाथो से क्राउनिंग किया गया। इवेंट को सफल बनाने वालों को जेके फाऊंडेशन को पॉवर बाय सतीश अग्रवाल, ज्यूरी में सोनम, वीवी ममता, होस्ट लक्की तरार (एंकर), इवेंट के काउडिनेटर मनोहर कृष्णानी, ग्रूमर्स राहुल हर्सिका और ऋषि सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर ऑनलाईन कार्यशाला में 4500 से अधिक प्रतिभागी जुड़े

# छत्तीसगढ़ में होगी उच्च शिक्षा मिशन की स्थापना- आर. प्रसन्ना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिषन की स्थापना हेतु वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। इस मिषन के अंतर्गत उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न आवष्यकताएं जैसे प्रयोगषाला उपकरण, कैमिकल्स, स्मार्ट क्लास रूम, शोध संबंधी ग्रांट तथा कैंपस प्लेसमेंट जैसे सभी बिन्दुओं को शामिल किया जायेगा।**

उच्च षिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देषानुसार हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग दिनांक 01 जून 2024 को दोपहर 12:30 बजे से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन तथा स्नातक स्तर के सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया संपादन आदि बिन्दुओं पर 161 महाविद्यालय के प्राचार्यों, प्राध्यापकों एवं प्रवेश प्रभारियों हेतु ऑनलाईन कार्यषाला में मुख्य अतिथि के रूप में ये उद्गार उच्च षिक्षा सचिव, आर. प्रसन्ना ने व्यक्त किये। श्री प्रसन्ना ने बताया कि उच्च षिक्षा विभाग इस प्रस्ताव पर भी विचार कर रहा है कि तीन हजार से छात्र संख्या वाले शासकीय महाविद्यालयों को प्रथम चरण में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया जाये। राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत समाहित स्कील डवलपमेंट आदि की सुविधाएं जो विभिन्न महाविद्यालयों में नहीं है उनके लिए उच्च षिक्षा विभाग संबंधित विभागों जैसे-कौषल विकास, पंचायत, ग्रामीण विकास, उद्योग विभाग आदि से समझौता कर इन पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने का प्रयास करेगा। श्री प्रसन्ना ने कहा कि नये शैक्षणिक सत्र 2024-25 से महाविद्यालयों में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि व्यख्याताओं के साथ-साथ लाइब्रेरियन, क्रीड़ा अधिकारी, प्रयोगषाला तकनीषियन एवं प्रयोगषाला परिचारक आदि की भी दैनिक वेतन भोगी के रूप में नियुक्ति किये जाना विचाराधीन है। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि उच्च षिक्षा विभाग द्वारा मनोनीत दो रिसोर्स पर्सन बिलासपुर के प्रोफेसर, जी. ए. घनष्याम, तथा डॉ. डी. के. श्रीवास्तव इस कार्यषाला में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शासकीय एवं अषासकीय महाविद्यालयों के प्रतिभागियों की समस्या का निराकरण किया।

# सेल-बीएसपी के साबरमती वेल्डिंग प्लांट ने लॉन्ग रेल का डिस्पैच रिकॉर्ड बनाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट (एफ बीडब्ल्यूपी) ने मई 2024 में भारतीय रेलवे को पांच रेक में 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल भेज कर एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया है, जो अब तक किसी भी महीने में भेजी गई सबसे अधिक रेक भेजने की संख्या है।



वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में साबरमती स्थित एफबीडब्ल्यूपी से भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल की कुल सात रेक भेजी गई है। इसमें अप्रैल 2024 में दो रेक भेजे गए और मई 2024 में पांच रेक भेजे गए। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल के 12 रेक भेजे गए थे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में पहले ही सात रेक भेजे जाने के साथ, अब तक एफ बीडब्ल्यूपी, साबरमती से भारतीय रेलवे को कुल 19 रेक भेजे जा चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र और रांची स्थित सेल के अनुसंधान विंग आरडीसीआईएस की कई टीमों ने साबरमती में एफबीडब्ल्यूपी को प्रारंभ करने के लिए कई चुनौतियों का समना किया, जिसमें सेल के मार्केटिंग विंग सीएमओ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनलों का पहला रेक साबरमती संयंत्र से नवंबर 2023 को भेजा गया था। एफबीडब्ल्यूपी में वेल्डिंग के लिए इनपुट रेल की आपूर्ति बीएसपी की रेल और स्ट्रक्चरल मिल द्वारा, 26 मीटर लंबाई में की जा रही है। फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के उपयोग से सेल-बीएसपी से 260 मीटर लंबी रेल की आपूर्ति को बढ़ाने में मदद मिली है।

इसके लिए बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने साबरमती वेल्डिंग प्लांट का संचालन और रखरखाव करने वाली पूरी टीम को बधाई दी है।

# डेंगू रोकथाम और नियंत्रण हेतु टाउनशिप का संयुक्त निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई टाउनशिप का पर्यावरण बारिश के मौसम में डेंगू मच्छरों के अनुकूल होने से डेंगू फैलने की आशंका हमेशा रहती है। इस संभावना के मद्देनजर आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपायों हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र का जन स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिक निगम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।**



इसी तारतम्य में डेंगू से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लेने हेतु आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने, भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों के साथ टाउनशिप का सघन दौरा किया। साथ ही, उपलब्ध संसाधनों जैसे मशीन, कीटनाशक एवं मैन पावर का अवलोकन करते हुए, कमियों को एक सप्ताह में दूर करने के लिए कार्य योजना सुनिश्चित की गयी।

दौरे के अंतर्गत, सर्वप्रथम, सेक्टर 8 के पीएचडी विभाग में देवेश कुमार ध्रुव द्वारा बैठक ली गई, जहाँ उपलब्ध आवश्यक कीटनाशकों, प्रचार सामग्री एवं सम्बन्धित मशीनों की स्थिति का जायजा लिया गया। घर-घर सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत आवासों के टबों, गमलों, खाली रखे पात्रों में पड़े पानी एवं गड्ढों में रुके पानी को सप्ताह भर के अंदर खाली करने सम्बंधी जन-जागरूकता एवं लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु चर्चा की गयी। तत्पश्चात, सेक्टर 06 से होकर गुजरने वाले बड़े नाले का अवलोकन कर जलकुम्भी एवं बहाव के अवरोध की दशा देखते हुए, बारिश में विपरीत स्थिति और डेंगू की चुनौतियों से निपटने के लिए शीघ्र सफाई करने पर विचार किया गया। जिसके लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं सिविल अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारीयों के साथ योजना पर चर्चा की गई। डेंगू के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सेक्टर-02 क्षेत्र के बैक लेन की दशा का अवलोकन किया गया। बारिश के पूर्व पानी जमाव को रोकने के लिए इन क्षेत्रों की शीघ्र सफाई की व्यवस्था की कार्य योजना बनायी गयी।

नगरीय अपशिष्ट के उचित निष्पादन हेतु जवाहर उद्यान के बगल में लैंड फिल का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात, एसएलआरएम सेंटर नेवई पहुँच कर वहां चल रहे कम्पोस्टिंग एवं प्लास्टिक प्रोसेसिंग कार्यों का जायजा लिया गया। भिलाई वासियों को डेंगू से सुरक्षित रखने संयुक्त अभियान चलाये जाने एवं कार्य की प्रगति सहित कार्यान्वयन की उत्कृष्टता बनाए रखने योजना पर चर्चा की गयी।

बीएसपी का जन स्वास्थय विभाग, आम जनों से वेक्टर जनित बीमारियों से बचने व्यक्तिगत स्तर पर किये जा सकने वाले उपायों जैसे प्रति सप्ताह पानी की टंकियों को खाली करना, खाली बर्तन, पुराने टायरों तथा कबाड आदि में पानी का जमाव न होने देने की अपील करता है।

# मतगणना को लेकर दुर्ग पुलिस ने जारी किया पार्किंग प्लान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 4 जून को होने वाले मतगणना स्थल का लेकर पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर पार्किंग प्लान जारी किया गया। चार पहिया से लेकर दो पहिया वाहनों के लिए अलग अलग व्यवस्था की गई है। साथ मतगणना में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए पार्किंग स्पेस अलग रखा गया है। जारी प्लान के अनुसार मतगणना गिनती में लगे अधिकारी/कर्मचारी , पासधारी प्रेस/मीडिया एवं अन्य व्यवस्था में लगे कर्मचारी जिनको पूर्व से पास जारी हुआ है वे सभी अपने वाहन गेट नंबर 2 से प्रवेश कर बाये साइड स्थित कॉलेज पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।




### ऐसा रहेगा प्लान

जुनवानी से चिखली मार्ग में सड़क पर किसी भी प्रकार के वहां खड़ा नहीं होंगे।

पासधारी एजेंट ,आम पब्लिक अपने वाहन डी मार्ट के सामने ग्राउंड में पार्क करेंगे।

मतगणना में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल ,पेन ,जलनशील सामग्री एवं अन्य कोई भी सामग्री ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।।

पुलिस अधीक्षक दुर्ग ,श्री जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर दिनांक 04 जून को होने वाले मतगणना स्थल शंकराचार्य कॉलेज, जुनवानी में होने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा पार्किंग प्लान तैयार किया गया है जो निम्नाअनुसार रहेगा।

कॉलेज गेट नंबर 1 से ऑब्जर्वर,ऋह, क्कह्र एवं वरिष्ठ अधिकारीगण के वाहन प्रवेश करेंगे।

मतगणना गिनती में लगे अधिकारी/कर्मचारी ,पासधारी प्रेस/मीडिया एवं अन्य व्यवस्था में लगे कर्मचारी जिनको पूर्व से पास जारी हुआ है वे सभी अपने वाहन गेट नंबर 2 से प्रवेश कर बाये साइड स्थित कॉलेज पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।

प्रत्याशी एवं उनके मतगणना एजेंट जिनको पास जारी किया गया है वह अपने वाहन डी मार्ट के सामने मैदान में वाहन पार्क कर पैदल अंदर प्रवेश करेंगे।

जुनवानी चौक से चिखली चौक तक किसी भी प्रकार के वाहन मार्ग में खड़ा नहीं करेंगे।

दिनांक 04 जून को इस क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

मतगणना स्थल में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल ,पेन ,जलनशील सामग्री एवं अन्य कोई भी सामग्री ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

# तपन कुमार को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मई 2024 माह में सेवानिवृत्त हुए मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार के लिए बीएसपी बिरादरी ने एक विदाई समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन इस्पात भवन के डीआईसी कांफ्रेंस हॉल में किया गया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) निशा सोनी ने, सेवानिवृत्त हो रहे तपन कुमार को सेवानिवृत्ति आदेश और सेवा प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर उनके साथ उनकी पत्नी श्रीमती अर्चना कुमार, उनके बेटे और बेटी भी उपस्थित थे।

अनिर्बान दासगुप्ता ने बीएसपी बिरादरी की ओर से श्री तपन कुमार को विदाई देते हुए सेवानिवृत्ति के बाद उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। तपन कुमार को भिलाई इस्पात संयंत्र में 37 वर्षों की सेवा के दौरान उनके सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया।

श्री तपन कुमार ने बीएसपी एवं स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में अपने सेवा अनुभव और सेवानिवृत्ति के बाद भविष्य की योजनाओं को साझा किया।

# भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में 'मिशन लक्ष्मी' के तहत 58 महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 'मिशन लक्ष्मी' के अंतर्गत 1 जून 2024 को भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में महिलाओं से सम्बन्धित पूर्ण शैक्षिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और नि:शुल्क परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ कौषलेन्द्र ठाकुर थे।

यह आयोजन सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिसमें कुल 58 महिला सफाईकर्मियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उपस्थित महिला श्रमिकों के एनीमिया व कैसर से




संबंधित शंकाओं का समाधान कर, उन्हें आहार विशेषज्ञों द्वारा संतुलित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ ठाकुर द्वारा मिषन लक्ष्मी के प्रचार-प्रसार हेतु एक सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन किया गया। परीक्षण षिविर में महाप्रबंधक शिवराजन, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एन एस ठाकुर, डॉ. निशि मिंज, डॉ दीपक, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, श्रीमती शषि सिंह सहित भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय की पूरी टीम उपस्थित थी।

मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ कौषलेन्द्र ठाकुर ने अपने उद्बोधन में मिषन लक्ष्मी के उद्देष्य एवं उपयोगिता पर प्रकाष डाला व कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है, जिससे घर, परिवार एवं कामकाज में व्यवस्तता के कारण वह स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। 'मिशन लक्ष्मी' महिलाओं के व्यापक स्वास्थ्य की देखभाल पर केन्द्रित है। यदि महिलाएं स्वस्थ होंगी तो परिवार खुषहाल होगा।

इस शिविर में स्त्री रोग विभाग के चिकित्सक, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ रौषन हुसैन एवं डॉ प्रभदीप कौर द्वारा स्तन कैंसर व प्रजनन अगों के कैंसर के लक्षण, परीक्षण व सजगता के विषय में जानकारी दी गई। वहीं श्रीमती पारोमिता दासगुप्ता ने संतुलित आहार एवं खान-पान संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर श्रीमती लता मिश्रा द्वारा एक रोचक क्विज का आयोजन भी किया गया था जिसमें 10 विजेता महिलाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ शुभस्मिता द्वारा किया गया। विदित हो कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में, 08 अप्रैल 2024 को कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री पवन कुमार द्वारा प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण कर 'मिशन लक्ष्मी' का शुभारंभ किया गया था। 'मिशन लक्ष्मी' योजना, जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के संयुक्त तत्वाधान में, महिलाओं के व्यापक स्वास्थ्य से सम्बन्धित योजना है।

भिलाई इस्पात संयंत्र, महिला कर्मचारियों के कल्याणार्थ समय-समय पर विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी देखभाल कार्यक्रमों एवं जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन करता है। 'मिशन लक्ष्मी' ऐसे ही पहलों में से एक है। इस योजना के प्रथम चरण में संयंत्र के ठेका श्रमिक महिलाओं को शामिल किया गया है। 'मिशन लक्ष्मी' के तहत बालिकाओं, युवतियों एवं महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, स्वास्थ्य संबंधित जानकारी, आयरन, फोलिक एसिड व एलबेंडाजॉल टेबलेट का वितरण तथा रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा आदि की जाँच शामिल है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950